website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

R.N.I. No. RAJHIN/2012/48736

दैनिक
# रॉयल पत्रिका

वर्ष : 14 | अंक : 106 | पेज: 8 | जयपुर, गुरुवार, 26 मार्च 2026 | मूल्य: 1.50 रुपये



## हरीश राणा का निधन, दिल्ली के एम्स में पाई इच्छामृत्यु

● 13 साल के दर्द से मिली मुक्ति, सुप्रीम कोर्ट ने दी थी इजाजत

गाजियाबाद (एजेंसी)। पिछले 13 साल से कॉमा में पड़े गाजियाबाद के हरीश राणा का एम्स में निधन हो गया है। सुप्रीम कोर्ट से इच्छामृत्यु की इजाजत मिलने के बाद हरीश राणा को बीते रविवार को दिल्ली के एम्स में शिफ्ट किया गया था, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनकी इच्छामृत्यु की प्रक्रिया पूरी की गई। करीब 13 साल पहले हरीश चंडीगढ़ में अपने पीजी के चौथे फ्लोर से गिर गए थे, जिसके बाद से ही वह कॉमा में थे। उनके ठीक होने की उम्मीदें टूटने के बाद परिवार ने हरीश के लिए सुप्रीम कोर्ट से इच्छामृत्यु मांगी थी और आखिरकार उन्हें 13 साल के दर्द से




मुक्ति मिल गई। हरीश राणा का अंतिम संस्कार दिल्ली में होगा या गाजियाबाद में, इस संबंध में अभी परिवार की तरफ से कोई जानकारी नहीं दी गई है। हरीश का परिवार मूल से रूप से हिमाचल प्रदेश का रहने वाला है, लेकिन बाद में उनके पिता परिवार को लेकर दिल्ली आ गए थे। हरीश के इलाज के लिए उनके पिता को दिल्ली का अपना घर बेचना पड़ा और पूरा परिवार गाजियाबाद में एक छोटे से फ्लैट में आकर रहने लगा था।

### हरीश इच्छामृत्यु पाने वाले पहले व्यक्ति

भारत में इच्छामृत्यु पाने वाले हरीश राणा पहले व्यक्ति थे। हरीश उस समय पंजाब यूनिवर्सिटी से इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे थे, जब यह दर्दनाक हादसा हुआ। वह चंडीगढ़ स्थित अपने पीजी में फोन पर अपनी बहन से बातें कर रहे थे कि अचानक चौथे फ्लोर से नीच गिर गए। हादसे में उनकी कमर और सिर में गहरी चोटें आईं और वह कोमा में चले गए। परिवार ने उनके इलाज के लिए सब कुछ किया, लेकिन हरीश फिर से खड़े ना हो सके।

**सबसे माफी मांगते हुए, सबको माफ करते हुए गए हरीश-** सुप्रीम कोर्ट ने उनके पिता की अर्जी पर सुनवाई करते हुए इच्छामृत्यु की इजाजत दी थी। कोर्ट ने अपने फैसले में दिल्ली के एम्स को निर्देश दिया कि हरीश के लाइफ सपोर्ट को एक सुनियोजित तरीके से हटाया जाए, ताकि उनकी गरिमापूर्ण मृत्यु हो सके। एम्स में शिफ्ट किए जाने से पहले एक ब्रह्म कुमारी कोमल ने उनका तिलक किया और कहा कि सबको माफ करते हुए और सबसे माफी मांगते हुए सो जाओ।

### सप्तम मां कालरात्रि



मां के सप्तम रूप का नाम है माँ कालरात्रि। यह मां का अति भयावह व उग्र रूप है। सम्पूर्ण सृष्टि में इस रूप से अधिक भयावह और कोई दूसरा नही। किन्तु तब भी यह रूप मातृत्व को समर्पित है। देवी मां का यह रूप ज्ञान और वैराग्य प्रदान करता है।

### संक्षिप्त समाचार

## यूपी में मुसलमानों का एनकाउंटर करने वालों का एनकाउंटर होगा

● ओवैसी की पार्टी का नेता बोला-बस एआईएमआईएम को 11 सीटें जिता दो

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में एआईएमआईएम पार्टी के अध्यक्ष शौकत अली अपने एक विवादित बयान वाले वीडियो को लेकर सुर्खियों में हैं। इस वीडियो में शौकत अली अपनी पार्टी की एक जनसभा में यह कहते नजर आ रहे हैं कि यूपी में



अगर उनकी पार्टी की 11 सीटें आ गईं तो मुसलमानों का एनकाउंटर करने वालों का भी एनकाउंटर होगा। वायरल हो रहे वीडियो में शौकत अली यह कहते दिखाई दे रहे हैं, मेरे दोस्तों, मेरे बुजुर्गो, मैं 111 नहीं, आप मुझे 11 जिताकर के उत्तर प्रदेश से दे दो। मैं आपसे वादा करके जा रह हूं कि उत्तर प्रदेश में अगर किसी मुसलमान का एनकाउंटर होगा तो एनकाउंटर करने वाले का भी एनकाउंटर होगा।

## ईरान में गैस प्लांट और पाइपलाइन पर हमला

● हिजबुल्लाह का 5 इजराइली ठिकानों पर मिसाइल अटैक

तेल अवीव/तेहरान (एजेंसी)। अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का मंगलवार को 25वां दिन था। ईरान में मंगलावर को कई जगह एनर्जी इन्फ्रास्ट्रक्टचर पर हमला हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान के इस्फहान शहर में गैस प्लांट और गैस कंट्रोल स्टेशन को निशाना बनाया गया। इसके




अलावा खोर्रमशहर के पावर प्लांट और उसकी गैस पाइपलाइन पर भी हमला हुआ। वहीं लेबनान में ईरान समर्थक उग्रवादी संगठन हिजबुल्लाह ने आज इजराइल के 5 ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन अटैक किया। हिजबुल्लाह ने बताया कि उसने इजराइली सैनिकों की एक छावनी, रडार और तोपखाने को निशाना बनाया। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच हालिया बातचीत के बाद 15 मुद्दों पर सहमति बनी है। इन मुद्दों की पूरी लिस्ट सार्वजनिक नहीं की गई है।

- संबंधित खबर पेज 12 पर

## नीतिश कुमार फिर चुने गए जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष

● राज्यसभा जाने के बाद भी पार्टी पर रहेगी पूरी नजर

पटना (एजेंसी)। मुख्यमंत्री नीतिश कुमार मंगलवार को चौथी बार जदयू के निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए। पार्टी के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी से जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा ने नीतिश कुमार के निर्वाचन का प्रमाण पत्र हासिल किया। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में अभी काम कर रहे नीतिश कुमार इसी महीने के 16 तारीख को राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए हैं। वह मुख्यमंत्री का पद छोड़ दिल्ली जा रहे हैं। उसी समय नीतिश कुमार ने जदयू के विधायकों की बैठक में यह स्पष्ट किया था कि वह राज्यसभा जरूर जा रहे पर पार्टी और सरकार दोनों को वह देखते रहेंगे। नीतिश कुमार की तरफ से जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दिल्ली स्थित पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय में 19 मार्च को नामांकन किया था। नामांकन की आखिरी तारीख 22 मार्च थी। नीतिश कुमार के अलावा जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए कोई और नामांकन नहीं हुआ। यह 22 मार्च को ही तय हो गया था कि नीतिश ही अध्यक्ष होंगे।



## महिला अफसर सेना में स्थायी कमीशन की हकदार

● सुप्रीम कोर्ट ने कहा-इससे इनकार करना भेदभाव था

### कहा-जिनकी सर्विस खत्म हुई, उन्हें भी पेंशन मिलेगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आर्मी, नेवी और एयर फोर्स की महिला शॉर्ट सर्विस कमीशन अफसर, जिन्हें परमानेंट कमीशन नहीं मिला अब उन्हें पूरी पेंशन मिलेगी। सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला मंगलवार को सुनाया। कोर्ट ने कहा कि महिला अफसरों को स्थायी कमीशन न देना उनकी योग्यता की कमी नहीं, बल्कि व्यवस्था में मौजूद भेदभाव का नतीजा था। जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस उज्जवल भुईयां और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने कहा- अब यह माना जाएगा कि इन महिला अफसरों ने पेंशन के लिए जरूरी 20 साल की सर्विस पूरी कर ली है, भले ही उन्हें पहले ही सेवा से हटा दिया गया हो। दरअसल, कोर्ट का यह फैसला सुचेता एडन समेत अन्य महिला अफसरों की याचिकाओं पर आया, जिनमें केंद्र की परमानेंट कमीशन से जुड़ी 2019 की पॉलिसी के फैसलों को चुनौती दी गई थी।



### लापरवाही से दिया जाता था ग्रेड

फैसला सुनाते हुए सीजेआई ने कहा कि महिला अधिकारियों की सालाना गोपनीय रिपोर्ट को अक्सर लापरवाही से ग्रेड दिया जाता था, इस सोच के साथ कि वे करियर में आगे बढ़ने या परमानेंट कमीशन के लिए योग्य नहीं होंगी। इससे उनकी कुल योग्यता पर बुरा असर पड़ा। वायु सेना के मामले में, बेंच ने पाया कि 2019 में लागू किए गए सेवा की अवधि के मानदंड और न्यूनतम प्रदर्शन के मानदंड जल्दबाजी में लागू किए गए थे, जिससे अधिकारियों को उन्हें पूरा करने का उचित मौका नहीं मिला।

### 1 नवंबर 2025 से लागू होगी पेंशन

सभी एसएससी अधिकारियों को जिनमें 2021 में सेवामुक्त की गई अधिकारी भी शामिल हैं- 20 साल की योग्य सेवा पूरी की हुई माना जाएगा। इसमें कहा गया कि पेंशन इस 20 साल की मानी गई सेवा के आधार पर तय की जाएगी, और यह 1 नवंबर, 2025 से लागू होगी। हालांकि, कोर्ट ने ऑपरेशनल प्रभावशीलता का हवाला देते हुए दोबारा नौकरी पर रखने का आदेश देने से इनकार कर दिया, लेकिन कहा कि यह वितीय लाभ देने से मना करने का आधार नहीं हो सकता। आर्मी और नेवी से जुड़े मामलों पर सुनवाई करते हुए, कोर्ट ने उनके मूल्यांकन मॉडलों में भी इसी तरह की कमियां पाईं और कहा कि मूल्यांकन के मापदंडों का खुलासा न करने से इन अधिकारियों पर बुरा असर पड़ा। कोर्ट ने उन अधिकारियों के लिए विंग कमांडर के पद तक काल्पनिक टाइम-स्केल प्रमोशन की मांग को खारिज कर दिया।

## रेलवे टिकट 8 घंटे पहले कैंसिल करने पर ही रिफंड

### 4 घंटे का नियम खत्म

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय रेलवे ने टिकट कैंसिल करने के नियम बदल दिए हैं। अब अगर कोई यात्री ट्रेन के समय से 8 घंटे से कम समय पहले टिकट रद्द करता है, तो उसे कोई पैसा वापस नहीं मिलेगा। यानी अगर आपकी ट्रेन शाम 6 बजे है, तो आपको सुबह 10 बजे से पहले टिकट कैंसिल करनी होगी, तभी रिफंड मिलेगा। पहले यह समय 4 घंटे था और तब 50 फीसदी रिफंड मिलता था। अब समय बढ़ाकर 8 घंटे कर दिया गया है, लेकिन 24 से 8 घंटे के बीच कैंसिल करने पर अभी भी 50 फीसदी पैसा ही वापस मिलेगा। इसके अलावा, अब यात्री ट्रेन छूटने से 30 मिनट पहले तक अपना बोर्डिंग स्टेशन भी बदल सकते हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि यह बदलाव इसलिए किया गया है, ताकि जमाखोरी न कर सकें।

## केवल हिंदू-बौद्ध-सिख ही अनुसूचित जाति का कर सकते हैं दावा

● सुप्रीम कोर्ट का फैसला-धर्म बदला तो अनुसूचित जाति का दर्जा भी खत्म हो जाता है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि केवल हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म से जुड़े लोग ही अनुसूचित जाति का दर्जा प्राप्त कर सकते हैं। अगर कोई ईसाई या किसी और धर्म में धर्मांतरण करता है तो वह



अनुसूचित जाति का दर्जा खो देगा। जस्टिस पीके मिश्रा और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने फैसला सुनाते हुए कहा कि ईसाई धर्म अपनाने वाला दलित व्यक्ति अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मिलने वाले किसी भी लाभ का दावा नहीं कर सकता है। यह फैसला आंध्र हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिका पर सुनाया गया।

### कोर्ट बोला-

● 1950 में यह बात साफ कर दी गई थी - कोर्ट ने कहा कि संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950 में यह बात साफ कर दी गई थी और इस आदेश के तहत लगाई गई रोक पूरी तरह से लागू होती है। कोर्ट ने साफ किया कि 1950 के आदेश के क्लॉज 3 में बताए गए धर्मों के अलावा किसी और धर्म को अपनाने पर जन्म की स्थिति चाहे जो भी हो, अनुसूचित जाति का दर्जा तुरंत खत्म हो जाता है। न्यायालय ने यह फैसला सुनाया, खंड 3 के तहत, कोई भी ऐसा व्यक्ति जिसे अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं माना जाता है, वह गलत है।

## 2029 से पहले लागू होगा 33 फीसदी महिला आरक्षण

● लोकसभा सीटें बढ़कर 816 होंगी, महिला सांसदों की संख्या 273 तक पहुंचेगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण लागू करने की तैयारी में है। इसके लिए संसद के मौजूदा सत्र में दो बिल लाए जा सकते हैं। इसके जरिए महिला आरक्षण लागू करने की मौजूदा शर्त में बदलाव किया जाएगा। इससे लोकसभा में सदस्यों की संख्या 543 से बढ़कर 816 हो सकती है। इनमें महिला सांसदों के लिए आरक्षित सीटों की संख्या 273 हो जाएगी। गृहमंत्री अमित शाह ने इस पर सहमति बनाने के लिए सोमवार को एनडीए और गैर-कांग्रेसी विपक्षी दलों के नेताओं के साथ बैठक की। सहमति बनने पर बिल इसी हफ्ते पेश किए जा सकते हैं। दरअसल, 2023 में महिला आरक्षण कानून संविधान के 106वें संशोधन के रूप में पास हुआ था। इसके तहत महिला आरक्षण नई जनगणना के बाद लागू होना है। अब सरकार का प्रस्ताव इसके विपरीत है।




## ईरान जंग जारी रही तो गंभीर दुष्परिणाम होंगे

● मोदी बोले- टीम इंडिया की तरह काम करना होगा

### आने वाला समय देश की सबसे बड़ी परीक्षा लेगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम एशिया के हालात पर राज्यसभा में मंगलवार को 21 मिनट बोले। उन्होंने कहा कि अमेरिका-इजराइल की ईरान से जंग जारी रही तो इसके दुष्परिणाम होंगे। आने वाला समय देश की सबसे बड़ी परीक्षा लेने वाला है। इसमें राज्यों का सहयोग जरूरी है। टीम इंडिया की तरह काम करने होगा। उन्होंने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट में हमारे जहाज और भारतीय क्रू फंसा हुआ है। ये चिंताजनक है। हमारे व्यापार के रास्ते प्रभावित हो रहे हैं। गैस-तेल, फर्टिलाइजर्स जैसे जरूरी सामान की सप्लाई पर असर पड़ा है। एक दिन पहले पीएम ने लोकसभा में 25 मिनट की स्पीच दी थी।



● **राज्य सरकारों से अपील, विशेष व्यवस्था करें-** ऐसे संकट के समय में गरीबों पर, श्रमिकों पर बुरा असर पड़ता है। उन्हें पीएम गरीब अन्न कल्याण योजना का लाभ मिलता रहे। राज्य सरकार इसके लिए विशेष वव्यस्था करे। ऐसे समय में कालाबाजारी करने वाले, जमाखोरी करने वाले एक्टिव होते हैं। जहां से शिकायतें आती हैं, वहां कार्रवाई कीजिए। संकट कितना भी बड़ा है, भारत की तेज ग्रोथ बनाए रखना सबकी जिम्मेदारी है। हमें हर जरूरी कदम तेजी से उठाने होंगे।

## एलपीजी, पेट्रोल और फर्टिलाइजर, सब में प्रॉब्लम आएगी

● राहुल गांधी बोले-पीएम मोदी भूल गए कोविड में क्या किया था

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की पीएम नरेंद्र मोदी की बात पसंद नहीं आई। उन्होंने संसद परिसर में मीडिया से बातचीत में कहा कि हालात ऐसे हैं कि लोगों को नुकसान होगा। उन्होंने कहा, अभी शुरुआत हुई है। एलपीजी, पेट्रोल और फर्टिलाइजर सब चीज में प्रॉब्लम आएगी। राहुल गांधी ने कहा, हमारी विदेश नीति पीएम नरेंद्र मोदी की व्यक्तिगत विदेश नीति है। आज इसके परिणाम देख सकते हैं। यह यूनिवर्सल जोक है। ट्रंप यह अच्छी तरह जानते हैं कि पीएम नरेंद्र मोदी क्या कर सकते हैं और क्या नहीं कर सकते। इसलिए अगर पीएम कमजोर है तो नीति भी कमजोर होगी।



- संबंधित खबर पेज 9 पर

## संकट के बीच भारत पहुंचे ट्रंप के खास 'दूत'

● अमेरिकी युद्ध नीति में एलब्रिज कोल्बी का बड़ा रोल

नई दिल्ली (एजेंसी)। पश्चिम एशिया संकट के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सरकार ने एक बड़े रक्षा अधिकारी एलब्रिज कोल्बी को भारत भेजा है। एलब्रिज कोल्बी अमेरिका के युद्ध विभाग में अंडर सेक्रेटरी हैं। अपनी भारत यात्रा के दौरान उनकी बड़े भारतीय अधिकारियों के साथ बातचीत होनी है। वैसे कोल्बी की भारत यात्रा पहले से निर्धारित थी, लेकिन ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच जारी युद्ध की वजह से इसकी अहमियत बहुत बढ़ गई है। भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने अमेरिका के बड़े रक्षा



अधिकारी की भारत यात्रा की पहले ही घोषणा की थी। उन्होंने अपने एक्स पोस्ट में इसकी जानकारी देते हुए कहा, अंडर सेक्रेटरी ऑफ वॉर एलब्रिज कोल्बी का भारत में स्वागत करने का इंतजार कर रहा हूं! एलब्रिज कोल्बी को अमेरिकी रक्षा नीति तैयार करने वाले एक प्रमुख चेहरे के तौर पर जाना जाता है।

● **पश्चिम एशिया संकट की वजह से भारत बहुत प्रभावित-** अमेरिका के शीर्ष रक्षा अधिकारी की यात्रा से पहले उसके इंडो-पैसिफिक कमांडर एडमिरल सैमुअल पैपारो और स्पेस कमांड के चीफ जनरल स्टीफन वाइटिंग भी भारत आकर लौट चुके हैं। इस समय पश्चिम एशिया में जारी युद्ध की वजह से ईरान की ओर से होर्मुज स्ट्रेट बंद किए जाने की वजह से सबसे ज्यादा मुश्किलें झेल रहे एशियाई देशों में भारत भी शामिल है, जिसका कच्चा तेल, गैस और फर्टिलाइजर सप्लाई चेन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है।

### भारत और अमेरिकी के द्विपक्षीय संबंधों में बदलाव

डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में भारत और अमेरिका के कूटनीतिक संबंध पिछले साल काफी तनावपूर्ण हो गए थे। लेकिन, इस साल के शुरू में जब दोनों देशों ने ट्रेड डील की घोषणा की और अमेरिका ने टैरिफ को भी कम किया, उसके बाद इन संबंधों में फिर से गर्मजोशी दिखने लगी। लेकिन, उसके तुरंत बाद पश्चिम एशिया में युद्ध छिड़ गया। इस युद्ध की वजह से दोनों देशों के बीच तेजी से पटरी पर लौट रहे रिश्तों को दोबारा से मजबूत करने में समय लग रहा है और अमेरिकी अधिकारियों की लगातार भारत यात्रा से इस काम में तेजी आने की संभावना है।

# राज्यसभा चुनावों ने भाजपा को बनाया और भी 'शक्तिशाली': नीतीश और पवार के नामांकन में छिपी है दिल्ली की भावी राजनीति

## - विपक्ष की दोधारी रणनीति विफल; बिहार, ओडिशा और हरियाणा में क्रॉस वोटिंग ने बिगाड़ा विपक्षी दलों का गणित, सहयोगियों पर बढ़ती निर्भरता ने बदली भाजपा की चाल



जयपुर/दिल्ली|रॉयल पत्रिका डेस्क हाल ही में संपन्न हुए राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव केवल उच्च सदन की सीटें भरने की प्रक्रिया मात्र नहीं थे, बल्कि वे भारतीय जनता पार्टी (BJP) की दूरगामी रणनीतिक जीत का एक बड़ा हिस्सा बनकर उभरे हैं। वरिष्ठ पत्रकार नीरजा चौधरी के विश्लेषण के अनुसार, हालांकि 37 सीटों में से 26 उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए, लेकिन अंततः यह पूरा चुनाव 'भाजपा का शो' बनकर रह गया। भाजपा ने अपनी जरूरत से ज्यादा सीटें हासिल कीं, जिसमें बिहार, ओडिशा और हरियाणा में हुई 'क्रॉस वोटिंग' ने बड़ी भूमिका निभाई और विपक्षी खेमे को सीधा नुकसान पहुँचाया।

नीतीश कुमार: पटना की गद्दी से दिल्ली की ओर 'सहमति' वाला प्रस्थान इस चुनाव का सबसे चौंकाने वाला पहलू बिहार के दिग्गज नेता नीतीश कुमार का राज्यसभा के लिए नामांकन रहा।

नेतृत्व परिवर्तन का सपना: भाजपा लंबे समय से बिहार (पाटलिपुत्र) की सत्ता पर अपना पूर्ण अधिकार चाहती थी। 2025 के चुनाव नीतीश के नेतृत्व में लड़ने पर हिचकिचाहट के बावजूद भाजपा ने उन्हें सीएम बनाए रखा, क्योंकि उनके पास 85 के मुकाबले भाजपा के 89 विधायक थे।

ऐतिहासिक समझौता: भाजपा की सबसे बड़ी कामयाबी यह रही कि उसने नीतीश कुमार को उनकी 'सहमति' से मुख्यमंत्री पद छोड़ने और राज्यसभा जाने के लिए राजी कर लिया।

नया समीकरण: हालांकि नीतीश ने राज्यसभा जाने की इच्छा जताई है, लेकिन चर्चा यह भी है कि उनके बेटे निशांत को उपमुख्यमंत्री पद मिल सकता है, जो लोहिया और कर्पूरी ठाकुर के परिवारवाद विरोधी अनुयायी नीतीश के लिए एक बड़ा वैचारिक बदलाव होगा।

लोकसभा का गणित: सहयोगियों का बढ़ता महत्व भाजपा फिलहाल 240 सांसदों के साथ लोकसभा में अल्पमत में है और पूरी तरह अपने सहयोगियों पर निर्भर है।

जदयू की अहमियत: जदयू के 12 लोकसभा सांसद भाजपा के लिए संजीवनी के समान हैं। भाजपा यह सुनिश्चित करना चाहती है कि केंद्र में उसकी सत्ता के गणित को कोई खतरा न हो।

शरद पवार: भाजपा का 'सद्भावना' कार्ड और एमवीए की चिंता महाराष्ट्र की राजनीति में शरद पवार का निर्विरोध निर्वाचन भाजपा की एक और सोची-समझी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है।

उम्मीदवार न उतारना: भाजपा ने पवार के खिलाफ उम्मीदवार नहीं उतारा, जबकि बिहार और ओडिशा में उसने विपक्ष को कड़ी चुनौती दी।

रिजर्व फोर्स: विशेषज्ञों का मानना है कि भाजपा को उम्मीद है कि शरद पवार की पार्टी के 8 लोकसभा सांसद भविष्य में जरूरत पड़ने पर 'रिजर्व फोर्स' की तरह एनडीए के काम आ सकते हैं।

विलय की सुगबुगाहट: महा विकास अघाड़ी (MVA) के भीतर इस बात को लेकर हलचल है कि शरद पवार भविष्य में अजीत पवार गुट के करीब जा सकते हैं या विलय की बातचीत फिर से शुरू हो सकती है।

"भाजपा की अपने उम्मीदवारों को सशक्त बनाने और विरोधियों को कमजोर करने की दोधारी रणनीति का मुकाबला करने में विपक्ष पूरी तरह विफल रहा है।" - नीरजा चौधरी, राजनीतिक विश्लेषक

कुल मिलाकर, राज्यसभा के इन परिणामों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भाजपा न केवल अपने सहयोगियों को साधने में सफल रही है, बल्कि उसने प्रमुख विपक्षी चेहरों के राजनीतिक भविष्य को भी अपनी सुविधा के अनुसार ढालने की दिशा में बड़ा कदम बढ़ाया है।

## रॉयल पत्रिका
## संपादकीय....

### युद्ध की तपिश से बचने की चुनौती

पश्चिम एशिया संकट को देखते हुए प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडल समिति की बैठक में आम लोगों की महत्वपूर्ण जरूरतों मसलन पेट्रोल-डीजल, गैस, बिजली, उर्वरक आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी तरह के संभावित उपायों पर विचार किया गया। चूंकि पश्चिम एशिया में युद्ध से पूरी दुनिया प्रभावित हो रही है, ऐसे में सरकार की ओर से देश भर में निर्बाध आपूर्ति, स्थिर लाजिस्टिक्स और कुशल वितरण सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करना स्वाभाविक है। मोदी सरकार को आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए राज्यों से उपयुक्त समन्वय करना होगा। इसके साथ ही भारतीय वस्तुओं के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए नए प्रयासों के साथ नए निर्यात गंतव्य विकसित करने होंगे।

पश्चिम एशिया में लंबे खिंचते युद्ध से दुनिया के साथ-साथ भारत की आर्थिक चुनौतियां बढ़ती दिख रही हैं। हाल में गोल्डमैन सैक्स द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की विकास दर के अनुमान को 7 प्रतिशत से घटाकर 6.5 प्रतिशत किया गया है। आइसीआइसीआइ बैंक ने भारत के विकास दर अनुमान को 7.5 प्रतिशत से घटाकर 7 प्रतिशत कर दिया है। रेटिंग एजेंसियों के मुताबिक कच्चे तेल के वैश्विक दाम बढ़ने और आपूर्ति बाधित होने के कारण भारत के ऊर्जा आयात बिल में जबरदस्त उछाल की आशंका है। साथ ही निर्यात में कमी और महंगाई में तेजी संबंधी चुनौतियों के कारण भी भारतीय अर्थव्यवस्था की संतुलित स्थिति के सामने खतरा दिखाई दे रहा है।

ईरान और इजरायल-अमेरिका के बीच विस्तारित होते हुए युद्ध से देश के कई हिस्सों में रसोई गैस और कमर्शियल गैस सिलिंडरों की आपूर्ति में बाधा से परेशानियां बढ़ती दिख रही हैं। निर्यातकों की भी मुश्किलें बढ़ी हैं। सेंसेक्स में गिरावट और डालर की तुलना में रुपये के मूल्य में कमी का परिदृश्य भी सामने है। निवेशक भारतीय बाजार से अपना धन निकालते हुए दिखाई दे रहे हैं। युद्ध का प्रभाव भारत के वित्तीय बाजार पर भी पड़ने लगा है। निवेशकों की संपत्ति में गिरावट आई है और भारतीय कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) तेजी से घटा है।

इससे पहले ऐसी गिरावट कोविड के दौरान मार्च 2020 में देखी गई थी, पर युद्ध के ऐसे असर के बीच भी भारत की कुछ ऐसी प्रभावी आर्थिक अनुकूलताएं हैं, जो देश की विकास दर को भारी आघात से बचाने वाली हैं।

## जल संरक्षण
डॉ. शंकरलाल शास्त्री



### जल ही जीवन है, इसे बचाएं

जल है तो कल है। जल का ही दूसरा नाम जीवन भी है। प्रतिवर्ष जल दिवस के भी आयोजन होते हैं। चारों और बड़े-बड़े विज्ञापन छापे जाते हैं, जल दिवस के दिन जल बचाने की बात की जाती है पर क्या एक दिन के चिंतन और जागरूकता से हम कल के लिए जल बचा पाएँगे? प्रायः मैं अपने उद्बोधनों और लेखों में इस बात का उल्लेख करता आया हूँ कि घर में होने वाले हर मांगलिक कार्य में जल की पूजा की जाती है। यदि पिछले चार-पांच दशकों की बात करें तो स्मरण हो आते हैं वे दिन जब जलस्रोतों के थोड़े ही नीचे से जल बड़ी आसानी से उपलब्ध हो जाया करता था पर आज तो जल रसातल में भी रिक्त होते जा रहा है। धरती मां का यह अमृत का पर्याय कहा जाने वाला 'जल' हमारे प्राचीन वाड्मय में देव रूप में न केवल पूजा का आधार है बल्कि हर शुभ कार्य में इसकी पूजा का भी विधान है।

हम बचपन में अपने बड़ों के साथ अपने पैतृक गांव से क़रीब बीस - तीस किलोमीटर दूर की पैदल यात्रा करते थे। मुझे स्मरण है एक पुराना प्रसंग। जब मेरे गांव के एक मार्ग में रामपुरा की नदी आती। नदी के बीचों-बीच एक जलस्रोत यानी जलकूप बना था। वहाँ रस्सी से बंधी काठडी से पानी निकालते और सभी लोग पीनी पीते। चूँकि उस दौर में लगभग आठ-दस हाथ नीचे ही नदियों जैसे स्थलों में पानी होता था। पानी निकाल कर हाथ से दोनों हथेलियों को जोड़कर पानी पीते। पानी इतना मीठा और स्वादिष्ट होता कि पीते ही सारी थकान दूर हो जाती। वैज्ञानिक संदर्भों ने भी सिद्ध किया है कि जल हमारी थकावट को दूर कर देता है। इसी तरह एक गांव से दूसरे गांव को जाते। मार्ग में शिव मंदिर और जलकुंड होते। वहाँ भी ऐसे ही पानी निकालते मात्र दो-तीन हाथ नीचे ही पानी होता। पानी पीकर बरगद बाबा के नीचे विश्राम करते फिर अगले पड़ाव के लिए रवाना होते। आज वे जलस्रोत वीरान और सूखे पड़े हैं। पानी रसातल में गया।

जैसे सूक्तियां हमारा पथ-प्रदर्शन करती हैं किन्तु वे ही सूक्तियां यदि नकारात्मकता की दृष्टि से लिखी जाएं तो वे जनमानस को निराश ही करती हैं ठीक वैसे ही जल ही हमारा कल है किन्तु यदि इसका अनावश्यक दोहन किया जाए तो यह देश के लिए घातक है। विश्व जल दिवस के मौके पर ही प्राचीन जल स्रोतों को देखने और जल स्रोतों को बचाने के लिए हम अपने पैतृक गाँव कुशालीराम ,किशोरपुरा के लिए निकल पड़े। जहाँ अपना बचपन बिताया था जिन जल स्रोतों का पानी पीकर हम बड़े हुए। जिन जल स्रोतों के पास बैठकर बचपन बिताया था तथा प्रकृति माँ की शरण में जी पाए। चार दशक पुराने उस कुएँ को भी देखा। हम स्कूल के छोटे-छोटे बाल सखा घर आते और कुएँ पर चरसा में पानी पीते। पानी कितना मीठा और पाचक होता था कहने की आवश्यकता नहीं। विश्व जल दिवस को गाँव के पुराने जल स्रोतों को देख मन उदास था। आज तीन - चार दशक पुरानी यादें ताजा होने लगी जब चारों ओर खेतों में हरियाली छाई रहती थी। अब चारों ओर सूखा ही सूखा नजर आ रहा था। जंगलों को भू-माफिया हथिया रहे हैं। शायद अब जन -जागृति से इसे बचाया जा सकता है। 'बिन पानी सब सून' के भाव को गौण कर लोग कूपों के जल को टैंकरों में भर -भर कर चांदी कूट रहे हैं। भुजबल, धनबल और अपने -अपने आकाओं की आड़ में इस धरती मां के अमृत को व्यर्थ नष्ट करने में लगे हैं। बचपन में हम रात्रि में जब घर के बाहर चारपाई डालकर सोते और पिताजी एवं बड़ों से जल बचाने की सीख भरी राजा-रानी के क़िस्से सुनते थे। उन कहानियों में छिपा एक गहरा संदेश भी हम सहजता से समझ जाते थे। खेतों में सिंचाई की जाती तो गर्मी के मौसम में रात्रि को सोते समय सुकून और शांति देने वाली हवा चला करती किंतु वे दिन अब कहाँ? आज कुएँ सूने और वीरान पड़े थे। पानी की बूँद-बूँद की सीख देने वाली दादी माँ और ममतामयी मां अब इस दुनिया में न थीं। उस कालखंड में गांव की चौपाल पर गांव के बुजुर्ग, पिताजी और चाचाजी कैसे जल शुद्धि के लिए हमें सिखाया करते थे। अब तो ये सब बच्चों को बताने के लिए हमें चित्रों के माध्यम से एक काल्पनिक सी फिल्म की पटकथा सी लिखनी होती है। हमारे बुजुर्ग वर्षा जल को एकत्रित करने के लिए हमें प्रेरित करते थे। वे हमें बचपन की गूँजती मधुर किलकारियाँ और पाटी-पोथी लेकर स्कूल जाते देख कितने ख़ुश होते थे। ख़ुशहाल समय का आकलन अच्छी वर्षा और भरपूर जलस्रोतों से होता था। हम प्रकृति माँ की छाँव और जल देव का अमृत पान कर ही हम जीवन जी पा रहे हैं। क्यों न हम फिर से हमारे प्राचीन जल स्रोतों को बचाने और जल संरक्षण का संकल्प लें। आत्मा ख़ुशी से झूम उठेगी।

इसी विचार के साथ हमने अपने पैतृक गाँव में जल संरक्षण को लेकर विचार मंथन किया और वर्षा जल से पहले ही जल को संरक्षित करने की नीति से जुड़े पक्ष भी रखे। सच में यदि हम कल के लिए आज न चेते तो वह दिन दूर नहीं जब पानी की एक-एक बूँद के लिए हमें कोसों दूर तक पलायन करना होगा। ऐसी स्थिति आज बहुत से स्थानों पर आ चुकी है। घर-घर जल मिशन कब शुरू होगा यह तो भविष्य के गर्भ में छिपा है। पिछले सात वर्षों से हमारे घर के नल में पानी की एक बूँद भी नसीब नहीं। टैंकरों की मनमर्ज़ी के अनुसार पैसे देकर पानी पीते हैं। हमें जल बचाने के लिए जल स्रोतों को संरक्षित करने का संकल्प लेना होगा। मैंने गांव के क़रीब उस जोहड़ को भी देखा जब गर्मी की छुट्टियों में बचपन में हम गायें चराया करते थे। गायें जंगल में चरकर जोहड़ में छक कर पानी पीतीं। आज पानी न के बराबर था। हमारी संस्कृति में कुओं को धार्मिकता से जोड़ा गया है। पहले कुएँ खुदवाए जाना और बनवाना बहुत सम्मान की बात मानी जाती थी। भगवान भास्कर की किरणें कुओं में समाए जल में पड़ती। हम स्वस्थ रहते थे। आज गिरता भूजल स्तर चिंता का विषय है इसे हमें संरक्षित करना ही होगा।

*-लेखक वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार हैं।*


## सारे जीवन-ऊर्जा बाहर की तरफ यात्रा कर रही है



संकलित
दर्शन

हम दीपावली अमावस की रात को मनाते हैं! दीयों की पंक्तियां बाहर जला लेते हैं, पर दीये तो भीतर नहीं जा सकते। भीतर की अमावस तो अमावस ही रहेगी। धोखे छोड़ो! इसे स्वीकार करो कि तुम बुझे हुए दीपक हो। अपने ही कारण तुम बुझे हुए हो। अपने ही कारण भीतर प्रकाश नहीं जागा। कहां चूक हो गई है? वस्तुतः हमारी सारी जीवन-ऊर्जा बाहर की तरफ यात्रा कर रही है। इस बहिर्यात्रा में ही हम भीतर अंधेरे में पड़े हैं। यह ऊर्जा भीतर की तरफ लौटे तो यही ऊर्जा प्रकाश बनेगी। तुम्हारा सारा प्रकाश बाहर पड़ रहा है। सबको देख लेते हो, अपने प्रति अंधे रह जाते हो। जिसने स्वयं को न देखा, उसने कुछ भी न देखा। तुम्हारे भीतर का दीया कैसे जले, सच्ची दीपावली कैसे पैदा हो? उसके सूत्र हैं बड़े मधु-भरे! पीओगे तो जी उठोगे। ध्यान धरोगे इन पर, संभल जाओगे। डुबकी मारोगे इनमें, तो तुम जैसे हो वैसे मिट जाओगे और तुम्हें जैसा होना चाहिए, वैसे ही प्रकट हो जाओगे। सूत्र यह है कि जिस प्रकाश को तुम खोज रहे हो, वह तुम्हारे भीतर बैठा है। तुम्हारी खोज के कारण ही तुम उसे नहीं पा रहे हो। तुम दौड़े जाते हो। थकते हो, गिरते हो। जिसे तुम खोजने चले हो, उस मालिक ने तुम्हारे घर में बसेरा किया हुआ है। तुम जिसे खोजने चले हो, वह अतिथि नहीं है, आतिथेय है। खोजने वाले में ही छिपा है। वह जो गंतव्य है, कहीं दूर नहीं, कहीं भिन्न नहीं, गंता की आंतरिक अवस्था है। अगर उसे देखना हो, उसके प्रति चैतन्य से भरना हो तो आंखें उलटाना सीखना पड़ेगा। यही ध्यान है।

## दान की बड़ी महिमा



संकलित
प्रेरणा

एक बार राजा भोज एक जंगल के रास्ते से जा रहे थे। साथ में उनके राजकवि पंडित धनपाल भी थे। रास्ते में एक विशाल बरगद के पेड़ में मधुमक्खियों का एक बहुत बड़ा छत्ता लगा था। जो शहद के भार से गिरने ही वाला था। राजा भोज ने ध्यान से देखा तो पाया कि मधुमक्खियां उस छत्ते से अपने हाथ पैर घिस रही हैं। उन्होंने राजकवि से इसका कारण पूछा। राजकवि बोले- महाराज ! दान की बड़ी महिमा है। शिवि, दधीचि, कर्ण, बलि आदि अनेक दानियों का नाम उनके न रहने के बाद भी चल रहा है। दधीचि ने तो वज्र बनाने के लिए इंद्र को अपना कंकाल तक दान कर दिया था। कर्ण को आज सभी सबसे बड़े दानी के रूप में जानते हैं। जबकि केवल संचय करने और दान न करने वाले बड़े बड़े राजा महाराजाओं का आज कोई नाम लेने वाला भी नहीं है। इन मधुमक्खियों ने भी आजीवन केवल संचय ही किया है, कभी दान नहीं किया। इसलिए आज अपनी संपत्ति को नष्ट होते देखकर इन्हें दुःख हो रहा है। इसीलिए ये अपने हाथ पैर घिस रही हैं। अतः आवश्यकता से अधिक संचय हमेशा दुःख का कारण होता है। संचय किए हुए धन पर हमेशा राज दूसरे ही करते हैं, अतः कहा गया है की आप जितनी कमाई करते है उसका कुछ भाग अवश्य दान करे।

## रामनवमी की तैयारी



राम नवमी पर्व से पहले हैदराबाद में सोमवार को एक कलाकार भगवान राम की मूर्ति को अंतिम रूप देता हुआ।

## आज की पाती


### ईरान की नीति और ऊर्जा संकट

दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति और वैश्विक व्यापार की एक महत्वपूर्ण धुरी हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य है। यह एक अत्यंत संकीर्ण जलमार्ग है, जो फारस की खाड़ी को खुले समुद्र से जोड़ता है। इसी मार्ग से दुनिया के लगभग एक-चौथाई तेल और गैस का परिवहन होता है। ऐसे में ईरान द्वारा इस जलमार्ग से गुजरने वाले जहाज़ों पर शुल्क लगाने का प्रस्ताव केवल एक आर्थिक निर्णय नहीं, बल्कि वैश्विक राजनीति, अंतरराष्ट्रीय कानून और ऊर्जा सुरक्षा के लिए एक गंभीर चुनौती के रूप में देखा जा रहा है। यह कदम ऐसे समय में सामने आया है जब पूरी दुनिया पहले से ही ऊर्जा संकट, आपूर्ति श्रृंखला में बाधा और भू-राजनीतिक तनावों से जूझ रही है। सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत और इराक जैसे देश इस मार्ग पर अत्यधिक निर्भर हैं। बहरहाल, यह लड़ाई अब बातचीत के जरिए खत्म होनी चाहिए। *- प्रवीण ठाकुर, दुर्ग*

## करंट अफेयर

### व्हाइट हाउस के समीप स्थापित की गई कोलंबस की प्रतिमा

इतालवी खोजकर्ता क्रिस्टोफर कोलंबस की एक प्रतिमा को अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक कार्यालय एवं आवास व्हाइट हाउस के पास स्थित आइजनहावर सरकारी कार्यालय परिसर में स्थापित किया गया है। यह कदम राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन द्वारा इस कथित विवादित खोजकर्ता को सम्मान देने के प्रयास का हिस्सा है। यह उस प्रतिमा की प्रतिकृति है, जिसे 2020 में ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान देशभर में संस्थागत नस्लवाद के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शनों के बीच बाल्टीमोर के बंदरगाह में फेंक दिया गया था। ट्रंप पारंपरिक रूप से कोलंबस को 1492 के उस अभियान के नेता के रूप में देखते हैं, जिसे अमेरिका में यूरोपीय उपनिवेशवाद की अनौपचारिक शुरुआत और आधुनिक आर्थिक-राजनीतिक व्यवस्था के विकास का आधार माना जाता है। हालांकि, हाल के वर्षों में कोलंबस को पश्चिमी यूरोप द्वारा 'न्यू वर्ल्ड' उसके संसाधनों और मूल निवासियों के दमन और शोषण के प्रतीक के रूप में भी देखा जाने लगा है। 'न्यू वर्ल्ड' से तात्पर्य अमेरिका (उत्तरी, दक्षिणी और मध्य अमेरिका) और आसपास के द्वीपों से है व्हाइट हाउस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'इस व्हाइट हाउस में क्रिस्टोफर कोलंबस एक नायक हैं और राष्ट्रपति ट्रंप यह सुनिश्चित करेंगे कि आने वाली पीढ़ियों तक उन्हें इसी रूप में सम्मानित किया जाए।'



## ऑफ बीट

### खटमल एक वैश्विक समस्या इसके बारे में जानकारी कम

खटमल छोटे, उड़ने से लाचार कीड़े होते हैं जो मानव रक्त पर जीते हैं। कई प्रजातियां हैं, लेकिन सबसे अधिक लोगों को जिस प्रजाति का पता है वह साइमेक्स लेक्टुलरियस है। रोमनों ने उन्हें साइमेक्स कहा, जिसका अर्थ है बग। 1758 में बहुत बाद में प्राकृतिक इतिहासकार कार्ल लिनिअस ने इनके नाम के साथ 'लेक्ट्युलरियस' को जोड़ा, जिसका अर्थ है बिस्तर या सोफा। हमारा रक्त उनके पोषण का मुख्य स्रोत है, लेकिन वह जीने के लिए अन्य जानवरों का खून भी पीते हैं, जैसे पक्षियों, पालतू जानवरों और चमगादड़ों आदि का। खटमल में एक जटिल आंत माइक्रोबायोटा होता है, जो उन्हें हमारे रक्त से आवश्यक सभी पोषक तत्वों को निकालने में मदद करता है। किशोरों को एक जीवन चरण से दूसरे में विकसित होने के लिए रक्त भोजन की आवश्यकता होती है - इसलिए, वयस्क बनने के लिए, प्रत्येक खटमल को कम से कम पांच रक्त भोजन की आवश्यकता होगी। वयस्क खटमल, हालांकि, भोजन के बिना पूरे वर्ष जीवित रह सकते हैं। वे उड़ नहीं सकते। जैसा कि आप कल्पना कर सकते हैं, चलने से वह बहुत दूर नहीं जा सकते, लेकिन यह घर में हर तरफ फैल जाते हैं। और खटमल ज्यादा दूर तक जाने के लिए इनसानों का इस्तेमाल करते हैं।



## ट्रेंड

### लोहिया को श्रद्धांजलि



डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि। वे एक बहुमुखी व्यक्तित्व थे जिन्होंने औपनिवेशिक शासन के विरुद्ध जन आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और भारत की प्रगति में योगदान दिया। लैंगिक समानता और सहभागी शासन पर उनके विचार भी उतने ही उल्लेखनीय हैं।
- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### कच्चे तेल का भंडारण



बीते दशक में भारत ने संकट के ऐसे ही समय के लिए कच्चे तेल के भंडारण को भी प्राथमिकता दी है। आज भारत के पास 53 लाख मीट्रिक टन से अधिक का स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व है और 65 से अधिक की व्यवस्था पर देश काम कर रहा है।
- पीयूष गोयल, केंद्रीय वाणिज्य मंत्री

### प्रेरणा स्रोत



महान क्रांतिकारी सरदार भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के शहीद दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। देश के लिए बेख़ौफ लड़ते हुए उनका संघर्ष और सर्वोच्च बलिदान हर भारतवासी के लिए प्रेरणा स्रोत है।
- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### कृत्रिम बुद्धिमत्ता



नया उत्तर प्रदेश कृत्रिम बुद्धिमत्ता की शक्ति को अपना रहा है। पुच एआई के साथ 25,000 करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापन से राज्य में एआई पार्क, बड़े पैमाने पर डेटा सेंटर अवसंरचना, एआई कॉमन्स और एक एआई विश्वविद्यालय स्थापित होंगे।
- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

रॉयल पत्रिका

# किड्स पैराडाइज शिक्षण संस्थान का 10वीं बोर्ड में दबदबा; शत-प्रतिशत रहा परिणाम, भूमिका ने 97.17% अंकों के साथ मारी बाजी

चूरू (मोहम्मद अली पठान)। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में जिला मुख्यालय स्थित किड्स पैराडाइज शिक्षण संस्थान ने सफलता की नई इबारत लिख दी है। विद्यालय के होनहारों ने न केवल उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए, बल्कि शत-प्रतिशत (100%) परिणाम देकर यह साबित कर दिया कि संस्थान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुशासन का पर्याय बन चुका है। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में जश्न का माहौल बन गया और मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया गया।

प्रतिभाशाली बेटियों ने मारी बाजी, टॉपर्स की सूची में बनाई जगह विद्यालय प्रबंधन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष कुल 59 विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी, जिनमें से सभी के सभी विद्यार्थी सम्मानजनक अंकों के साथ सफल घोषित हुए हैं। विद्यालय की छात्राओं ने शीर्ष स्थानों पर कब्जा जमाकर महिला सशक्तिकरण का बेहतरीन उदाहरण पेश किया है:

- भूमिका (पुत्री श्री कन्हैया लाल): इन्होंने अपनी कड़ी मेहनत के बल पर 97.17% अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया और पूरे जिले में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

- आयना चौहान (पुत्री जावेद): 95.33% अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहकर संस्थान का मान बढ़ाया।

- रुखसार (पुत्री असलम खान): 95.17% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया।

- मन्नत (पुत्री इकराम): 94.50% अंकों के साथ चतुर्थ स्थान पर रहीं।

विशेष बात यह रही कि विद्यालय के 15 से अधिक विद्यार्थियों ने 85% से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता को सिद्ध किया है।

शिक्षकों का मार्गदर्शन और छात्रों का परिश्रम लाया रंग शानदार सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए संस्था प्रधान इसाक खान ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम, अभिभावकों के विश्वास और हमारे समर्पित शिक्षक दल के सही मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है, जिससे वे न केवल परीक्षाओं में बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में सफल हो सकें।

साफा और माला पहनाकर किया अभिनंदन मेधावी छात्र-छात्राओं की इस अभूतपूर्व सफलता पर विद्यालय प्रशासन द्वारा उनका भव्य अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर विकास कुमार, प्रभु कल्ला और समस्त शिक्षक स्टाफ ने विद्यार्थियों को साफा पहनाकर और मालाएं पहनाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अभिभावकों ने भी विद्यालय के अनुशासित वातावरण और शिक्षकों की मेहनत के प्रति आभार व्यक्त किया।





## पीर की जाल मेले में उमड़ा आस्था का सैलाब, कव्वाली और रूहानी बयानों से महकी दरगाह



सांचौर (मोहम्मद अब्बास)। उपखंड मुख्यालय से मात्र 7 किमी दूर स्थित मशहूर दरगाह हज़रत मखदूम पीर दादा अब्बनशाह रहमतुल्लाह अलैह (पीर की जाल) के सालाना उर्स मुबारक के मौके पर जायरीनों का हुजूम उमड़ पड़ा है। बुधवार को दूर-दराज से आए सैकड़ों जायरीनों ने दरगाह शरीफ पर ज़ियारत कर मुल्क में अमन-चैन और खुशहाली की दुआएं मांगीं।

दुल्हन की तरह सजी दरगाह, देर रात तक गूंजी कव्वाली उर्स के मौके पर दरगाह इंतजामिया वक्फ कमेटी की ओर से आस्ताने को रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से दुल्हन की तरह सजाया गया है। कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार, हर रोज ईशा की नमाज के बाद उलेमा-ए-किराम के नूरानी बयानात हो रहे हैं। बुधवार रात राजस्थान और गुजरात के मशहूर कव्वालों ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांधे रखा, जिसे सुनने के लिए बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे। कमेटी द्वारा जायरीनों के लिए दोनों समय मुफ्त लंगर की माकूल व्यवस्था की गई है।

मेले में बच्चों और बड़ों ने उठाया लुत्फ दरगाह परिसर के बाहर लगे विशाल मेले में बच्चों और युवाओं के लिए मनोरंजन के भरपूर साधन उपलब्ध हैं। मेले में आकर्षक झूले, मौत का कुआं, ब्रेक डांसर, मिकी माउस, डबल इंजन रेल, सर्कस और जादूगर के शो मुख्य आकर्षण बने हुए हैं। इसके साथ ही खिलौना, मनिहारी और मिठाइयों की दुकानों पर भी खासी खरीदारी देखी जा रही है।



कौमी एकता की प्रतीक है 'पीर की जाल' सालाना उर्स में केवल मुस्लिम समुदाय ही नहीं, बल्कि हर धर्म के लोग अपनी मन्नतें लेकर पहुँच रहे हैं। दरगाह पीर की जाल क्षेत्र में कौमी एकता और सांप्रदायिक सौहार्द की अनूठी मिसाल पेश करती है। 10 दिनों तक चलने वाले इस उर्स में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दरगाह इंतजामिया कमेटी ने जायरीनों से शांति बनाए रखने और पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है।

कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि आगामी दिनों में जायरीनों की संख्या और बढ़ने की उम्मीद है, जिसके लिए सभी आवश्यक इंतजाम मुकम्मल कर लिए गए हैं।

## अमृतपुरी की नूरानी मस्जिद में 30 मार्च से सजेगा 'हज तरबियत कैंप', काबा के मॉडल से आज़मीन सीखेंगे हज के अर्कान

जयपुर (रॉयल पत्रिका ब्यूरो)। मुक़द्दस सफ़र-ए-हज 2026 की तैयारियों को लेकर राजधानी के घाट गेट स्थित ख्वाजा नगर, अमृतपुरी की नूरानी मस्जिद में आगामी 30 मार्च (सोमवार) से 40 दिवसीय 'हज ट्रेनिंग कैंप' का आगाज़ होने जा रहा है। अन्जुमन मुहिब्बाने अहले बैत के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस शिविर में हज यात्रियों को इस पाक सफ़र की बारीकियों और ज़रूरी नियमों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

हज के सफ़र को आसान बनाने की पहल हज इस्लाम का एक अहम रुक्न और फ़र्ज़ इबादत है, जो हर साहिबे-इस्तेताअत (आर्थिक और शारीरिक रूप से सक्षम) मुसलमान पर जीवन में एक बार फ़र्ज़ है। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि अल्लाह के घर की रवानगी से पहले बाकायदा तरबियत (प्रशिक्षण) हासिल करने से यह मुक़द्दस सफ़र बेहद आसान और रूहानी सुकून वाला हो जाता है। इसी उद्देश्य के साथ यह 40 दिवसीय शिविर आयोजित किया जा रहा है, जिसका समय प्रतिदिन सुबह 9:00 बजे से 11:00 बजे तक रहेगा।

काबा शरीफ के मॉडल से प्रैक्टिकल ट्रेनिंग इस वर्ष कैंप की मुख्य विशेषता यह है कि आज़मीन-ए-हज को काबा शरीफ के विशेष मॉडल के ज़रिए प्रैक्टिकल ट्रेनिंग दी जाएगी। अनुभवी हज ट्रेनर और नूरानी मस्जिद के खतीबो इमाम मौलाना काजी वली मोहम्मद शेरी, जो पिछले 18 वर्षों से लगातार यह सेवा दे रहे हैं, हज के दौरान अदा किए जाने वाले तमाम अर्कानों को विस्तार से समझाएंगे।

यह पूरा कार्यक्रम हज़रत अल्लामा मुफ्ती अब्दुल सत्तार साहब रज़वी (मुफ्ती-ए-शहर, जयपुर) की सरपरस्ती और हज़रत अल्लामा कारी एहतराम आलम अज़ीज़ी साहब मिस्बाही की सदारत में संपन्न होगा।

इन महत्वपूर्ण विषयों पर दिया जाएगा प्रशिक्षण कैंप के दौरान मौलाना वली मोहम्मद शेरी के साथ हज़रत मौलाना सैयद शेर अली मदनी, हज़रत मौलाना सैयद मोहम्मद कादरी और हज़रत कारी शकील अहमद अशरफी जैसे उलेमा हज यात्रियों को निम्नलिखित जानकारियां देंगे:

एहराम बांधने का सही तरीका और नीयत करना।

लब्बैक (तलबीय) पढ़ना, इज़तिबा, तवाफ और सई के अर्कान।

सऊदी अरब के कानून और एयरपोर्ट के कड़े नियमों की जानकारी।

यात्रा के दौरान आवश्यक वस्तुएं और बरती जाने वाली सावधानियां।

मदीना शरीफ में ताजदारे कायनात की बारगाह में अदब के साथ हाज़िरी का तरीका।

वार्ड पार्षद वितरित करेंगे हज गाइड वार्ड नंबर 88 के पार्षद रईस कुरैशी ने बताया कि कैंप में शामिल होने वाले सभी हज यात्रियों की सहायता के लिए उन्हें 'हज गाइड' भी प्रदान की जाएगी। इस



मौके पर हाजी आकिल अहमद, हाजी मिर्ज़ा रज़ा अहमद, हाजी अब्दुल अजीज मंसूरी और हाजी मोहम्मद इस्माईल अंसारी (पिया) सहित अन्जुमन के सदस्यों ने बताया कि कैंप में बड़ी संख्या में महिला व पुरुष शिरकत कर हज के अर्कानों में प्रशिक्षित होंगे।

कैंप की सफलता के लिए मोइनुद्दीन अंसारी, मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद अनस, मोहम्मद मुनव्वर लोहार, शाहाबुद्दीन जोया और अज़ीमुद्दीन सहित पूरी टीम सक्रिय रूप से तैयारियों में जुटी हुई है।

## भारत विकास परिषद ने किया 111 कन्याओं का महापूजन, नवरात्रि पर्व पर दिया नारी शक्ति के सम्मान का संदेश

चूरू (मोहम्मद अली पठान)। जिला मुख्यालय पर भारत विकास परिषद (शाखा चूरू) के तत्वावधान में परिषद की महिला इकाई द्वारा बुधवार प्रातः 9:30 बजे सुभाष चौक पर एक भव्य 'कन्या पूजन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नवरात्रि के पावन पर्व पर आयोजित इस कार्यक्रम में 111 कन्याओं का पूरे विधि-विधान, श्रद्धा और उत्साह के साथ पूजन कर समाज में नारी सम्मान का एक कड़ा और सकारात्मक संदेश दिया गया।




तिलक लगाकर और उपहार भेंट कर किया देवी स्वरूप का वंदन कार्यक्रम के दौरान उपस्थित परिषद के सदस्यों ने भारतीय संस्कृति और सनातनी परंपराओं का जीवंत परिचय देते हुए सभी 111 कन्याओं का तिलक किया। मंत्रोच्चार के बीच कन्याओं के चरण पखारे गए और उन्हें देवी का स्वरूप मानकर चुनरी, प्रसाद और विभिन्न उपहार भेंट किए गए। इस दौरान पूरा माहौल भक्तिमय और हर्षोल्लास से भरा रहा। उपस्थित जनों ने नवरात्रि की महत्ता को आत्मसात करते हुए समाज में बेटियों को आगे बढ़ाने और उन्हें सुरक्षित व सम्मानित माहौल देने का संकल्प लिया।

नारी सम्मान हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग: शशि चंदेल इस पावन अवसर पर महिला इकाई की शाखा संयोजक श्रीमती शशि चंदेल ने अपने संबोधन में कन्या पूजन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, "नवरात्रि के पावन दिनों में कन्या पूजन हमारी गौरवशाली संस्कृति का एक महत्वपूर्ण और अभिन्न अंग है, जो सीधे तौर पर नारी शक्ति के सम्मान और आदर का प्रतीक है। शास्त्रों में कन्याओं के भीतर साक्षात देवी स्वरूप का वास माना गया है, अतः उनका सम्मान करना, उन्हें शिक्षित करना और आगे बढ़ाना हम सभी का परम कर्तव्य है।"

इनगणमान्यलोगोंकीरहीउपस्थिति इस पुनीत आयोजन को सफल बनाने में परिषद के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से श्याम सुंदर पारीक, देवेंद्र चंदेल, डॉ. भारतेंदु कुमार अग्रवाल, निरंजन कुमार चोटिया, पवन कुमार जांगिड़ एवं डॉ. संजीव खेड़ा अपनी धर्मपत्नियों (सपत्नीक) के साथ उपस्थित रहे।

इनके अलावा भारत विकास परिषद चूरू शाखा के अध्यक्ष उमेश चंद्र चौहान, रामस्वरूप शर्मा, विमल चंद्र भटनागर, श्रीमती पूनम गुप्ता, श्रीमती मधुबाला गॉड, मोहनलाल शर्मा, मदन सिंह राठौड़ एवं शाखा सचिव संदीप शर्मा सहित कई गणमान्य सदस्य मौजूद रहे। सभी ने सामूहिक रूप से इस आयोजन में अपनी भागीदारी निभाकर कार्यक्रम को एक ऐतिहासिक और सफल रूप प्रदान किया।

## 5 बौद्धिक सत्रों के साथ संपन्न हुआ पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान, सोशल मीडिया और संगठन विस्तार पर हुआ मंथन

बींझबायला/श्रीगंगानगर (विनोद सोखल)। स्थानीय तारागढ़ दरबार में चल रहा 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026' बुधवार को 5 विभिन्न बौद्धिक सत्रों के आयोजन के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हो गया।

समापन समारोह में संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और आगामी चुनौतियों से निपटने के लिए कार्यकर्ताओं में नया जोश भरा गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष श्री शरणपाल सिंह मान ने शिरकत कर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया।

समाज सेवा और सोशल मीडिया की अहमियत पर जोर समापन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता करुण मित्तल और रामप्रकाश गोदारा ने पार्टी की रीति-नीति पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 'एकात्म मानववाद' के संदेश को धरातल पर उतारें और समाज सेवा के कार्यों में अपनी सक्रिय और अग्रणी भूमिका निभाएं। वहीं, एक अन्य महत्वपूर्ण सत्र में सुरेश बिश्नोई ने वर्तमान डिजिटल युग में 'सोशल मीडिया की अहमियत' और इसके प्रभावी उपयोग पर अपने विचार रखे।

उन्होंने बताया कि कैसे सोशल मीडिया के माध्यम से संगठन की उपलब्धियों को आम जनता तक त्वरित गति से पहुंचाया जा सकता है.

सह-भोज और धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ समापन दिनभर चले 5 गहन प्रशिक्षण सत्रों के बाद मंडल अध्यक्ष श्री प्रेम झटवाल ने कार्यक्रम का विधिवत समापन किया। उन्होंने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों, वरिष्ठ पदाधिकारियों और देवतुल्य कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार व्यक्त किया। झटवाल ने सभी से आग्रह किया कि वे प्रशिक्षण वर्ग से प्राप्त ऊर्जा और उत्साह के साथ भविष्य में भी संगठन हित में कार्य करते रहें।

कार्यक्रम का समापन एक विशाल सह-भोज (सामूहिक भोज) के साथ हुआ, जिसमें सभी ने एक साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया।

## बीदासर: सर्वसम्मति से लक्ष्मीपत सोनी बने सुंदरकांड सेवा समिति के अध्यक्ष, नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

बीदासर (रॉयल पत्रिका)। शहर के वार्ड नंबर 11 स्थित सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में बुधवार को 'शिवम सुंदरकांड सेवा समिति' की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सर्वसम्मति से लक्ष्मीपत सोनी को समिति का नया अध्यक्ष चुना गया, जिस पर सभी सदस्यों ने एकमत होकर अपनी सहमति जताई।

दीपक सांखला की अध्यक्षता में सौंपी गई जिम्मेदारी बैठक की अध्यक्षता समिति के निवर्तमान अध्यक्ष दीपक सांखला ने की। उनकी देखरेख में नई कार्यकारिणी के गठन पर विस्तार से चर्चा की गई और सर्वसम्मति से चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। लक्ष्मीपत सोनी के अध्यक्ष निर्वाचित होने पर उपस्थित सभी सदस्यों ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया और उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

धार्मिक और सामाजिक कार्यों को मिलेगी नई गति नवनिर्वाचित अध्यक्ष लक्ष्मीपत सोनी ने इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए सभी सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, "समिति ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, मैं उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूँगा। हम सभी मिलकर समिति की गौरवशाली परंपराओं को आगे बढ़ाएंगे और क्षेत्र में धार्मिक एवं



सामाजिक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी व सुदृढ़ बनाएंगे।"

बैठक में इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति इस महत्वपूर्ण बैठक के दौरान मंदिर के पुजारी सुधीर पांडे, सुरेश कंदोई, गोपाल प्रजापत, विजय सिंह राजपुरोहित, ब्रजमोहन नामदेव, बालकिशन शर्मा, विशाल सोनी, चंद्रप्रकाश प्रजापत और डूंगरमल सांखला सहित समिति के कई अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर समिति के आगामी सेवा कार्यों की रूपरेखा पर भी विचार-विमर्श किया।

## लाडनूं तहसीलदार ने किया उप जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण; 1000 में से मिलीं केवल 875 दवाइयां, सोनोग्राफी विशेषज्ञ की कमी से जनता में रोष

लाडनूं (मोहम्मद अली पठान)। उपखण्ड अधिकारी मीनू वर्मा के निर्देशानुसार सोमवार को तहसीलदार अनिरुद्ध देव पांडेय ने स्थानीय उप जिला राजकीय चिकित्सालय (एसडीएच) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल की व्यवस्थाओं की पोल खुलती नजर आई। निरीक्षण में जहां दवाओं की कमी पाई गई, वहीं वर्षों से रिक्त चल रहे विशेषज्ञ पदों को लेकर आमजन ने सरकार की कार्यशैली पर कड़े सवाल खड़े किए हैं।

साफ-सफाई और स्टाफ की उपस्थिति पर दिए निर्देश तहसीलदार पांडेय ने निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में स्वच्छता बनाए रखने, दवाओं की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने और मरीजों को समय पर उपचार प्रदान करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने स्टाफ को हिदायत दी कि वे मरीजों के साथ शालीन व्यवहार रखें। लंबे समय से बंद बताई जा रही एक्स-रे मशीन की जांच करने पर वह चालू अवस्था में पाई गई, जिसे लेकर तहसीलदार ने संतोष व्यक्त किया।

दवाइयों का टोटा: 125 तरह की दवाइयां नदारद निरीक्षण के दौरान निःशुल्क दवा वितरण केंद्र की हकीकत भी सामने आई। कुल 1000 प्रकार की आवश्यक दवाओं की सूची में से मौके पर केवल 875 तरह की दवाइयां ही उपलब्ध मिलीं। शेष 125 प्रकार की दवाइयों के न होने पर पीएमओ डॉ. भरत कसेरा ने तर्क दिया कि आवश्यक दवाओं की पूर्ति संस्था स्तर पर करने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि, मरीजों का आरोप है कि उन्हें कई दवाइयां बाहर के निजी मेडिकल स्टोर से ऊंचे दामों पर खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है।

सोनोग्राफी और महिला डॉक्टर की कमी: जनता ने सरकार को घेरा अस्पताल में वर्षों से सोनोग्राफी विशेषज्ञ का पद रिक्त होने के कारण महिला मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद मुश्ताक खान कायमखानी और स्थानीय नागरिकों ने बताया कि क्षेत्र के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में महिला रोग विशेषज्ञ (लेडी डॉक्टर) तक नहीं है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि राजस्थान सरकार निःशुल्क इलाज के बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन हकीकत में गर्भवती महिलाओं को निजी लैब पर जाकर भारी रकम खर्च कर सोनोग्राफी करानी पड़ रही है। जनता का कहना है कि गंभीर मरीजों को रेफर करने की बजाय स्थानीय स्तर पर ही उच्च स्तरीय इलाज की ठोस व्यवस्था होनी चाहिए।

अस्पताल के बाहर अतिक्रमण से ट्रैफिक जाम, मरीज परेशान निरीक्षण के दौरान अस्पताल के मुख्य द्वार के सामने अतिक्रमण की समस्या भी प्रमुखता से उठी। पीडब्ल्यूडी विभाग की मुख्य सड़क पर अवैध रूप से लगी चाय की थड़ियों और हाथ-ठेलों के कारण दिनभर ट्रैफिक जाम रहता है। भारी वाहनों की आवाजाही के बीच एम्बुलेंस और मरीजों को अस्पताल पहुँचने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि जनहित में तुरंत प्रभाव से इस अवैध अतिक्रमण को हटाया जाए ताकि यातायात सुगम हो सके।

# महुवा में विकास ने पकड़ी रफ्तार: मातृशक्ति के हाथों हुआ 3 करोड़ 3 लाख की सीसी सड़कों का लोकार्पण



महुवा (शफीक अली)। महुवा विधानसभा क्षेत्र में विधायक राजेंद्र मीणा के प्रयासों से चौमुखी विकास ने अब तेज गति पकड़ ली है। मंगलवार को विधायक मीणा ने नगरपालिका क्षेत्र में करीब 3 करोड़ 3 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित एक दर्जन से अधिक सी.सी. (C.C.) सड़कों का लोकार्पण कर आमजन को बड़ी राहत दी है। इस आयोजन की सबसे खास बात यह रही कि विधायक ने स्वयं उपस्थित रहकर इन सड़कों का विधिवत उद्घाटन क्षेत्र की मातृशक्ति (महिलाओं), आमजन और भाजपा कार्यकर्ताओं के हाथों से करवाया।

**इन प्रमुख मार्गों का हुआ कायाकल्प**
विधायक की पहल पर महुवा शहर के विभिन्न वार्डों और मोहल्लों में सीसी सड़कों का जाल बिछाया गया है। लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य रूप से इन सड़कों को जनता को समर्पित किया गया:

विवेकानंद कॉलोनी: ताम्बी भवन एवं महेश बंसल के मकान से होते हुए हिंडौन रोड तक।

गुर्जर मोहल्ला: नेशनल हाईवे 21 से पुराने सिनेमा हॉल की तरफ।

बोहरा मोहल्ला: भरतपुर रोड से नगरपालिका कार्यालय तक।

माली मोहल्ला: पंचायत समिति चौराहे से नत्थी की चक्की की ओर।

रामगढ़ रोड: हिंडौन तिराहे से गली नंबर 5 तक।

चौकीदार मोहल्ला: हुड़ला रोड से राजू के मकान एवं दीपचंद महावर के मकान तक।

ब्राह्मण मोहल्ला: हुड़ला रोड से हरसहाय शर्मा के मकान से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की ओर।

**विकास कार्यों में नहीं आने दी जाएगी धन की कमी: विधायक मीणा**
लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए विधायक राजेंद्र मीणा ने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास ही उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, "यह केवल सड़कों का निर्माण नहीं, बल्कि महुवा के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। इन विकास कार्यों से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी।" विधायक ने जनता का आभार जताते हुए कहा कि विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने उन पर जो विश्वास जताकर राजस्थान की सबसे बड़ी पंचायत (विधानसभा) में भेजा है, वे उस आवाज को बुलंद करते हुए महुवा को एक 'आदर्श नगरपालिका' बनाने के लिए संकल्पित हैं।

**समारोह में इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति**
इस गौरवपूर्ण अवसर पर महुवा नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी (EO) प्रमोद कुमार शर्मा, प्रसिद्ध कवि पूरण बेधड़क, सुधा गुप्ता, भगवान सहाय तिवारी, कुलदीप सिंह, मनोज गुर्जर, विजय सिंह चौहान, नेमीचंद (खेड़ली वाले), दिनेश (कपड़े वाले), खेमचंद केवड़िया, गोपुत्र अवधेश अवस्थी, देव प्रकाश मानिक, वेद प्रकाश (पावटा वाले), सतीश सेन और राजकुमार (करीरी वाले) विशेष रूप से उपस्थित रहे।

साथ ही पार्षद माधव खंडेलवाल, हरि खंडेलवाल, महेंद्र तेगरवाल, हेमेंद्र तिवारी, हितेश जैन, कालू प्रजापत सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा पदाधिकारी, मातृशक्ति और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# हालात हारे, हौसले जीते: ठेले वाले पिता का बेटा बना टॉपर, दुल्हापुरा स्कूल ने रचा 100% रिजल्ट का इतिहास



महवा (शफीक अली)। क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय (गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल) दुल्हापुरा ने इस वर्ष 10वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा, यानी परीक्षा में बैठने वाले सभी छात्र-छात्राओं ने सफलता प्राप्त कर अपने गांव और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

**संघर्ष से सफलता: रितिका प्रथम, लवकुश और शैलेश चमके**
परीक्षा परिणाम में छात्राओं के साथ-साथ अभावों में जीने वाले होनहारों ने भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। विद्यालय की रितिका अवस्थी ने 82.17% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, लवकुश सैनी और शैलेश सैनी दोनों ने समान रूप से 80.83% अंक प्राप्त कर बेहतरीन प्रदर्शन किया और टॉपरों की सूची में अपनी जगह पक्की की।

**पिता लगाते हैं ठेला, बेटे ने गरीबी को दी मात**
इस शानदार परिणाम में सबसे भावुक और प्रेरणादायक कहानी लवकुश सैनी की रही। लवकुश के पिता कैलाश सैनी ठेला लगाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। आर्थिक तंगी और तमाम दुश्वारियों के बावजूद पिता ने बेटे की पढ़ाई में कोई कमी नहीं आने दी और बेटे ने भी दिन-रात एक कर इस तपस्या का मीठा फल दिया। लवकुश की इस उपलब्धि ने साबित कर दिया है कि अगर इरादे मजबूत हों और सच्ची लगन हो, तो विपरीत परिस्थितियां भी घुटने टेक देती हैं। उनकी इस सफलता से पूरे परिवार और क्षेत्र में गर्व का माहौल है।

**कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम**
विद्यालय के शानदार 100% परिणाम पर संस्था प्रधान और शिक्षकों ने सभी होनहार विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि यह ऐतिहासिक सफलता विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत, शिक्षकों के अटूट समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का ही सुखद परिणाम है।

शानदार परीक्षा परिणाम आने के बाद विद्यालय परिसर और गांव में खुशी व उत्साह का माहौल है। लवकुश जैसे छात्रों की सफलता अब अन्य विद्यार्थियों के लिए भी एक बड़ी प्रेरणा बनकर उभरी है।

# विधायक राजेंद्र मीणा ने दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह से की अहम मुलाकात



महवा (शफीक अली)। महुवा विधायक राजेंद्र मीणा ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से सपरिवार शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने महुवा के विकास से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा करते हुए क्षेत्र को जिला बनाने की पुरजोर मांग रखी और मापदंड पूरे करने से जुड़े साक्ष्य भी सौंपे।

**गोमती एक्सप्रेस के ठहराव और नवोदय विद्यालय की उठाई मांग**
मुलाकात के दौरान विधायक मीणा ने मंडावर-महुवा रोड रेलवे स्टेशन पर गोमती एक्सप्रेस के ठहराव, महुवा-करौली स्टेट हाईवे को फोरलेन में बदलने और महुवा में नवोदय विद्यालय की स्थापना की प्रमुख मांगें गृहमंत्री के समक्ष रखीं। साथ ही, उन्होंने अपने दो साल के विधायक कार्यकाल में हुए विकास कार्यों की एक विस्तृत पुस्तिका भी अमित शाह को भेंट की। बैठक में पूर्वी राजस्थान के विकास और आदिवासी समुदायों से जुड़े सामाजिक व शैक्षिक मुद्दों पर भी सार्थक संवाद हुआ।

**गृहमंत्री ने दिया सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन**
केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने विधायक की सभी मांगों और सुझावों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के माध्यम से सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। बता दें कि इससे पूर्व 13 मार्च को विधायक के चाचा और राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने भी गृहमंत्री से मुलाकात की थी। क्षेत्रवासी इस भेंट को महुवा के विकास की दिशा में एक बड़ा कदम मान रहे हैं।

# सुकेत में रसोई गैस का भारी संकट: ब्लैक में 1500 रुपए तक बिका सिलेंडर, एजेंसी पर पुलिस का पहरा

सुकेत (डॉ. तोहिद)। सुकेत कस्बे में इन दिनों रसोई गैस सिलेंडरों की भारी किल्लत मची हुई है, जिसके चलते आम उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वितरण के समय गैस एजेंसी पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो जाती है, जिससे रामगंजमंडी सड़क मार्ग पर घंटों तक जाम के हालात बने रहते हैं। स्थिति बिगड़ने और संभावित लड़ाई-झगड़े को रोकने के लिए मौके पर पुलिस के जवानों को तैनात कर व्यवस्था संभालनी पड़ रही है।

**45 दिन बाद भी नहीं मिल रहा नंबर, कालाबाजारी चरम पर**
उपभोक्ताओं का सीधा आरोप है कि निर्धारित नंबर पर गैस की बुकिंग नहीं हो पा रही है। नियमानुसार 45 दिन बीत जाने के बाद भी उन्हें सिलेंडर मुहैया नहीं कराया जा रहा है। प्रशासनिक अनदेखी के चलते क्षेत्र में कालाबाजारी करने वाले गिरोह सक्रिय हो गए हैं, जिसके कारण ब्लैक में एक गैस सिलेंडर की कीमत 1500 रुपए तक पहुंच गई है। उपभोक्ताओं के अनुसार, इस पूरी अव्यवस्था का मुख्य कारण अवैध कारोबारियों का लंबे समय से सक्रिय होना है। कई ऐसे उपभोक्ता हैं जिनके घर में एक सिलेंडर 2-3 महीने चलता है, उन्होंने चंद रुपयों के लालच में अपनी गैस डायरियां उन लोगों को दे रखी हैं जो कालाबाजारी में लिप्त हैं।

**5 हजार कनेक्शन बंद, केवाईसी (KYC) बनी वजह**
इस पूरे मामले पर गैस एजेंसी के मैनेजर दीपक ने बताया कि एजेंसी पर कुल 18 हजार उपभोक्ता पंजीकृत हैं, जिनमें से वर्तमान में केवल 13 हजार को ही लाभ मिल पा रहा है। शेष 5 हजार गैस कनेक्शन केवाईसी (KYC) न होने, उपभोक्ता की मृत्यु हो जाने या नाम ट्रांसफर की प्रक्रिया अधूरी होने के कारण बंद पड़े हैं।

**कालाबाजारी रोकने के लिए सख्ती**
मैनेजर ने बताया कि प्रतिदिन एजेंसी पर आने वाले सिलेंडरों की आवक और वितरण की पूरी सूचना नगर पालिका और पुलिस थाने को नियमित रूप से भेजी जा रही है। कालाबाजारी पर लगाम कसने के लिए अब वितरण के दौरान सख्ती बरती जा रही है और केवल उसी व्यक्ति को सिलेंडर दिया जा रहा है, जिसके नाम पर डायरी और बुकिंग दर्ज है।

# तारागढ़ दरबार में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग का भव्य आगाज़, 'एकात्म मानववाद' पर दिया जोर



बींझबायला/श्रीगंगानगर (विनोद सोखल)। तारागढ़ दरबार में बुधवार को आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्वलन और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। उद्घाटन सत्र में बड़ी संख्या में युवाओं और कार्यकर्ताओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली।

**'एकात्म मानववाद' समाज के समग्र विकास का मार्ग**
इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों और वक्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन संघर्ष और उनके महान विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने उनके प्रसिद्ध सिद्धांत "एकात्म मानववाद" (Integral Humanism) को वर्तमान समय में अत्यंत प्रासंगिक बताते हुए कहा कि यही वह विचारधारा है, जो समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त करती है।

**नेतृत्व क्षमता और वैचारिक सशक्तिकरण है मुख्य उद्देश्य**
प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य पर चर्चा करते हुए आयोजकों ने बताया कि इसका लक्ष्य प्रतिभागियों को सामाजिक, वैचारिक और नेतृत्व क्षमता के क्षेत्र में सशक्त बनाना है। उद्घाटन सत्र के दौरान वक्ताओं ने युवाओं से विशेष आह्वान किया कि वे अपनी ऊर्जा का सही उपयोग करते हुए समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय व सकारात्मक भूमिका निभाएं।

**आगामी दिनों में जारी रहेंगे विभिन्न सत्र**
आयोजकों के अनुसार, तारागढ़ दरबार में शुरू हुआ यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आगामी दिनों में भी निरंतर जारी रहेगा। इस दौरान विभिन्न बौद्धिक सत्रों, विशेष व्याख्यानों और कार्यशालाओं के माध्यम से कार्यकर्ताओं और प्रतिभागियों को पार्टी की रीति-नीति और सामाजिक सरोकारों के प्रति व्यापक रूप से प्रशिक्षित किया जाएगा।

# ईद स्नेह-मिलन: इंसानियत एकता सेवा समिति ने लिया 'परिंडा लगाओ' का संकल्प



चूरू (मोहम्मद अली पठान)। जिला मुख्यालय के नए बस स्टैंड पर बुधवार देर शाम इंसानियत एकता सेवा समिति द्वारा 'ईद स्नेह-मिलन' बैठक का आयोजन किया गया। संस्थापक करामत खान की अध्यक्षता और मुख्य अतिथि मेजर सैयद परवेज शाह की गरिमामयी उपस्थिति में सदस्यों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर ईद की दिली मुबारकबाद दी। बैठक में सामाजिक सरोकारों पर चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया कि अप्रैल के दूसरे सप्ताह से भीषण गर्मी को देखते हुए 'परिंडा लगाओ, पक्षी बचाओ' अभियान चलाया जाएगा। इसके अलावा शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने और खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करने की भी रूपरेखा तैयार की गई। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष अकबर खान की ओर से अल्पाहार की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष वसीम अली, मीडिया प्रभारी मो. अली पठान, संयोजक नौशाद खान, डॉ. अख्तर खान, हमीद खान सहित कई गणमान्य सदस्य मौजूद रहे। अंत में व्यवस्थापक इंजीनियर जाफर खान ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# श्रीगंगानगर पुलिस ने दिवंगत इंस्पेक्टर ज्योति नायक की बेटी को सौंपा 28 लाख का चेक



श्रीगंगानगर (विनोद सोखल)। खाकी वर्दी के भीतर धड़कते एक संवेदनशील दिल और पुलिस महकमे की एकजुटता की अनूठी मिसाल बुधवार को श्रीगंगानगर में देखने को मिली। ड्यूटी के दौरान एक सड़क दुर्घटना में अपनी जान गंवाने वाली दिवंगत पुलिस निरीक्षक (इंस्पेक्टर) ज्योति नायक के परिजनों को पुलिस विभाग ने 28 लाख रुपये का चेक भेंट किया। यह पूरी राशि जिले के सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के एक दिन के वेतन से स्वेच्छा से एकत्रित की गई है।

**इकलौती बेटी के सुरक्षित भविष्य के लिए बनेगी एफडी (FD)**
विभागीय जानकारी के अनुसार, कुछ समय पूर्व रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित जिला स्तरीय स्टाफ काउंसिल की बैठक में दिवंगत ज्योति नायक को श्रद्धांजलि अर्पित की गई थी। इसी बैठक में सहानुभूति और सांत्वना स्वरूप उनकी इकलौती पुत्री की उच्च शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए एक प्रस्ताव रखा गया था। तय किया गया कि जिले के समस्त पुलिस अधिकारी व कर्मचारी अपना एक दिन का वेतन देंगे और उस राशि से बेटी के नाम बैंक में फिक्स्ड डिपॉजिट (FD) करवाई जाएगी। इस प्रस्ताव का सभी ने सर्वसम्मति से अनुमोदन किया था।

**एसपी हरिशंकर ने घर पहुंचकर सौंपा चेक**
अपने वादे और विभागीय जिम्मेदारी को निभाते हुए बुधवार को जिला पुलिस अधीक्षक (SP) श्री हरिशंकर स्वयं स्वर्गीय ज्योति नायक के निवास पर पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और उनकी पुत्री को 28 लाख रुपये का चेक भेंट कर उसके सुरक्षित एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस भावुक अवसर पर एसपी के साथ श्री विशाल जांगिड़ (IPS), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री रघुवीर प्रसाद और लेखाधिकारी श्री दीप सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। पुलिस विभाग की इस पहल की शहरभर में भूरि-भूरि प्रशंसा हो रही है।

# निकाय चुनावों की तैयारियों में जुटी कांग्रेस



पाली (मोहम्मद यासीन / रॉयल पत्रिका ब्यूरो)। आगामी निकाय चुनावों और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के उद्देश्य से बुधवार को पाली शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक कांग्रेस भवन में आयोजित की गई। ब्लॉक अध्यक्ष हकीम भाई की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में वार्ड इकाइयों के गठन और आगामी चुनावी रणनीतियों पर विस्तार से मंथन किया गया।

**वार्ड स्तर पर बनेगी 21 सदस्यों की मजबूत कार्यकारिणी**
बैठक में उपस्थित कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिशुपाल सिंह निम्बाड़ा ने स्पष्ट किया कि संगठन में काम करने वाले जमीनी कार्यकर्ताओं को पूरा तवज्जो दिया जाएगा। उन्होंने कहा, "कार्यकर्ताओं का मान और सम्मान ही मेरी पहली प्राथमिकता है।" निम्बाड़ा ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार वार्ड स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने के लिए वार्ड अध्यक्षों की नियुक्ति की जा रही है। इसके तुरंत बाद वार्ड इकाइयों का गठन कर 21 सदस्यों की वार्ड कार्यकारिणी बनाई जाएगी। आगामी निकाय चुनावों में मंडल अध्यक्षों और वार्ड इकाइयों की भूमिका सबसे ज्यादा प्रभावी और महत्वपूर्ण रहेगी।

**जमीनी कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत: विधायक भाटी**
इस अवसर पर पाली विधायक भीमराज भाटी ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी की असली ताकत उसके जमीनी कार्यकर्ता ही हैं। उन्होंने सभी से वार्ड स्तर पर एकजुटता, समन्वय और सक्रियता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। वहीं, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीज दर्द, पूर्व सभापति प्रदीप हिंगड़ और प्रदेश प्रतिनिधि महावीर सिंह सुकरलाई ने भी बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत कर आगामी निकाय चुनावों में कांग्रेस का परचम लहराने की अपील की।

कार्यक्रम का सफल मंच संचालन मदनसिंह जागरवाल ने किया, जबकि अंत में ब्लॉक अध्यक्ष हकीम भाई ने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

**बैठक में इन प्रमुख चेहरों का रहा जमावड़ा**
इस महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक में महिला कांग्रेस नेता नीलम बिड़ला, पंचायतीराज संस्था जिलाध्यक्ष मदनसिंह जागरवाल, जोगाराम सोलंकी, भंवर राव, मेहबूब टी, जीवराज बोराणा, प्रकाश सांखला, सीताराम टांक, गोविंद बंजारा, जावेद सिरोहा, अशोक कुलदीप, मांगूसिंह दुदावत, रफीक गौरी, दिलीप ओड, महावीर कटारिया, गोरधन प्रजापत और भैराराम गुर्जर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

साथ ही ताराचंद चंदनानी, शकील अहमद नागोरी, रघुनाथसिंह मंडली, राजू सोलंकी, अजीज लीडर, चेलाराम रारबड़ा, जयेश मेवाड़ा, आमीन अली रंगरेज, दिनेश दवे, असगर कुरैशी, सुनील रामावत, निर्मल तेजी, शहजाद शेख, ताराचंद टाक, फकीर मोहम्मद सिंधी, रज्जाक भाई चढ़वा, कृष्णा सांसी, लक्ष्मण कच्छवाह, जुगराज चौहान, गोविंद मेवाड़ा, हारून मलिक, मुकेश देवासी, रमेश चौधरी, बाबू भाई मोयल, आबिद भाई चढ़वा, बाबू भाई कीर, इंसाफ सोलंकी, रतन चंदेल सहित रिजवान, फारूक, संजय, रमजान और अनवर अली जैसे दर्जनों सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# संदीपा धर

## पर पड़ा नीना गुप्ता के काम और किस्मत को लेकर नजरिये का गहरा असर

एक्टर संदीपा धर ने हाल ही में अपने आगामी नेटफ्लिक्स सीरीज़ 'चुंबक' की शूटिंग के दौरान जानी-मानी अभिनेत्री नीना गुप्ता से मिली एक बेहद खास सलाह के बारे में खुलकर बात की। सेट पर हुई बातचीत को याद करते हुए संदीपा ने बताया कि नीना का काम और किस्मत को लेकर नजरिया उन पर गहरा असर छोड़ गया। इस पल को याद करते हुए उन्होंने कहा, 'नीना गुप्ता मुझसे अक्सर कहती हैं कि उन्होंने एक छोटी-सी स्टूडेंट फिल्म की थी, और उसी की वजह से उन्हें 'बधाई हो' मिली। वो कहती हैं कि कौन-सी फिल्म, कौन देखेगा और कहां देखेगा, कुछ नहीं कहा जा सकता। तुम्हारा काम एक एक्टर के तौर पर, बस काम करते रहना है और अच्छा काम करना है, ताकि कहीं न कहीं कोई तुम्हें देखे और सोचे कि शायद तुम किसी और प्रोजेक्ट के लिए सही हो।' गौरतलब है कि अपने को-स्टार संदीपा धर को दी गई नीना गुप्ता की अनुभव और धैर्य से भरी यह सलाह, उनके अपने करियर सफर को भी दर्शाती है, जहां लगातार मेहनत और जुनून ने उन्हें 'बधाई हो' जैसी बड़ी सफलता दिलाई। हालांकि संदीपा के लिए इस सलाह का सार बेहद साफ है और वो है ,कि हमें नतीजों की बजाय अपने हुनर पर ध्यान देना चाहिए। विशेष रूप से तुरंत सफलता और पहचान की चाह रखनेवाले इस दौर में, 'बस काम करते रहो' जैसी सीख बेहद प्रेरणादायक और जमीन से जोड़ने वाली है। गौरतलब है कि संदीपा हाल ही में 'दो दीवाने सहर में, में नजर आई थीं, जहां उन्होंने मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ एक मजबूत और प्रभावशाली किरदार निभाया था। फिलहाल, संदीपा धर, नीना गुप्ता के साथ पहली बार 'चुंबक' में नज़र आनेवाले हैं। हालांकि शो से जुड़ी ज्यादा जानकारी अभी सामने नहीं आ पाई है, लेकिन सेट पर दोनों के बीच हो रही ऐसी गहरी और प्रेरणादायक बातचीत ने दर्शकों की उत्सुकता काफी बढ़ा दी है। इसके अलावा अलग-अलग किरदारों में खुद को तलाश रही संदीपा धर के लिए नीना गुप्ता की यह सलाह उनके लिए एक मंत्र बन चुकी है, जो उन्हें खुद पर पर विश्वास रखने और सिनेमा में फैले अनिश्चित अवसरों को स्वीकार करने की प्रेरणा देती है।



## कौन हैं सारा अर्जुन?

### विज्ञापन की दुनिया से धुरंधर की लीड एक्ट्रेस बनने तक का सफर


सारा लगभग 20 साल की है। सारा को 'धुरंधर' और 'धुरंधरः द रिवेंज' फिल्मों से काफी पहचान मिली। इस एक्ट्रेस ने आदित्य धर की फिल्मों में अपनी परफॉर्मेंस से सभी को इम्प्रेस किया है और रणवीर सिंह के साथ उनकी केमिस्ट्री की भी काफी तारीफ हो रही है। तो आइए, इस एक्ट्रेस के बारे में सब कुछ जानते हैं। आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' और इसके सीक्वल 'धुरंधर 2' ने भारतीय सिनेमा को एक नया चमकता सितारा दिया है- सारा अर्जुन। फिल्म में रणवीर सिंह के साथ उनकी केमिस्ट्री और दमदार अभिनय (यालीना जमाली का किरदार) ने दर्शकों और समीक्षकों दोनों का दिल जीत लिया है। आज, सारा लगभग 20 साल की है। सारा को 'धुरंधर' और 'धुरंधरः द रिवेंज' फिल्मों से काफी पहचान मिली। इस एक्ट्रेस ने आदित्य धर की फिल्मों में अपनी परफॉर्मेंस से सभी को इम्प्रेस किया है और रणवीर सिंह के साथ उनकी केमिस्ट्री की भी काफी तारीफ हो रही है। तो आइए, इस एक्ट्रेस के बारे में सब कुछ जानते हैं। सारा ने बहुत कम उम्र में ही काम करना शुरू कर दिया था। सिर्फ डेढ़ साल की उम्र में, यानी 18 महीने की उम्र में, सारा ने अपना पहला टेलीविजन कमर्शियल शूट किया था। पाँच साल की उम्र तक, सारा 100 से ज़्यादा विज्ञापनों में नज़र आ चुकी थीं। सारा बचपन में ही कई पॉपुलर ऐड कैंपेन का चेहरा बन गई थीं। सारा ने छह साल की उम्र में तमिल फिल्म 'दैवा थिरुमगल' से एक्टिंग में डेब्यू किया। यह फिल्म 2011 में रिलीज़ हुई थी। इसमें उन्होंने विक्रम के साथ, नीला नाम की एक छोटी बच्ची का किरदार निभाया था। यह फिल्म ज़बरदस्त हिट रही और सारा की एक्टिंग को खूब सराहा गया। इस फिल्म में अपनी परफॉर्मेंस के लिए उन्हें कई अवॉर्ड भी मिले। हिंदी सिनेमा में, सारा 2013 की फिल्म 'एक थी डायन' में नज़र आईं। इमरान हाशमी स्टारर इस सुपरनैचुरल थ्रिलर में उन्होंने मीशा का किरदार निभाया था। इसके अलावा, उन्होंने 'जज़्बा', 'सैवं' और 'पोन्नियिन सेल्वन' (यह फिल्म हिंदी में भी डब हुई थी) जैसी कई अन्य फिल्मों में भी काम किया है। मणि रत्नम की 'पोन्नियिन सेल्वन' सारा अर्जुन के लिए गेम चेंजर साबित हुई, जिसमें उन्होंने ऐश्वर्या राय के किरदार का बचपन वाला रोल निभाया था।

## रिश्ते खुली किताब जैसे हों, तभी टिकता है प्यार सौरभ शुक्ला



रिश्तों में भरोसा और समझ जरूरी है, लेकिन अक्सर देखा जाता है कि लोग रिश्तों को बचाए रखने के लिए झूठ का सहारा लेते हैं, जो आगे चलकर रिश्ते के टूटने का कारण बन जाता है। ऐसे में एक सवाल को लेकर दुविधा बनी होती है कि क्या हर हाल में सच्चाई बताना जरूरी है। इस मुद्दे पर राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता और फिल्ममेकर सौरभ शुक्ला ने एक इंटरव्यू में अपनी राय रखी। सौरभ शुक्ला ने कहा, ''किसी भी रिश्ते की असली ताकत ईमानदारी होती है। हर व्यक्ति को अपने रिश्ते में एक खुली किताब की तरह होना चाहिए। अपने साथी से कुछ भी छुपाना नहीं चाहिए। जब कोई रिश्ते में सच छुपाता है तो उस समय भले ही बात संभाल ली जाती है, लेकिन यह रिश्ते के लिए पहले से ज्यादा नुकसानदायक होता है। ऐसे में सबसे ज्यादा दुख इस बात का होता है कि आपको अंधेरे में रखा गया।'' उन्होंने कहा, ''जब वह झूठ सामने आता है तो उस समय रिश्तों में दर्द इस बात का होता है कि आपको उस बारे में बताया ही नहीं गया। यही चीज एक बड़े धोखे का एहसास कराती है। ऐसे में दूसरे व्यक्ति के मन में शक पैदा हो जाता है और वह हर बात पर सवाल उठाने लगता है।

## दानिश पंडोर ने मुकेश छाबड़ा के लिए लिखा इमोशनल नोट, कहा–वह एक फोन कॉल हमेशा याद रहेगा




अभिनेता दानिश पंडोर इन दिनों स्पाई एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'धुरंधरः द रिवेंज' को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। फिल्म में उन्होंने उजैर बलोच का किरदार निभाया है, जो एक खूंखार, शांत और बहुत चालाक गैंगस्टर होता। फिल्म रिलीज होने के बाद दानिश पेंडोर की हर तरफ तारीफ हो रही है। लोग उनके अभिनय की खूब सराहना कर रहे हैं। फिल्म में दानिश को मशहूर कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा लेकर आए थे। दानिश ने फिल्म में उन्हें चुनने वाले कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा को धन्यवाद दिया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर मुकेश के साथ एक तस्वीर पोस्ट की। इस पोस्ट के साथ दानिश ने लिखा, 'मुकेश छाबड़ा भाई, आपका बहुत बहुत धन्यवाद कि आपने मुझ पर भरोसा करने और मुझे इस खास प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने के लिए चुना। यह एक 'फोन कॉल' और एक हां का 'जवाब' लंबे समय तक दिल में रहेगा।' दानिश ने आगे लिखा, 'मुझ पर विश्वास करने और मेरे लिए यह नया रास्ता खोलने के लिए शुक्रिया। इस मौके का मतलब सिर्फ एक रोल से कहीं ज्यादा था। मैं हमेशा आपका और आपकी पूरी टीम का आभारी रहूंगा। आपकी पूरी टीम को जादुई अनुभव देने के लिए दिल से धन्यवाद। 'दानिश के पोस्ट को हर कोई पसंद कर रहा है। फैंस के साथ साथ कई सेलेब्स और दानिश के इंडस्ट्री के दोस्तों ने प्रतिक्रिया दी।

## अरिजीत सिंह और निखिता गांधी का जादू! 'भूत बंगला' का नया गाना 'तू ही दिसदा' देगा आपको परफेक्ट समर वाइब्स




'भूत बंगला' बिना किसी शक के 2026 की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है, क्योंकि 14 साल के लंबे इंतज़ार के बाद अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की जोड़ी साथ आ रही है। कल्ट कॉमेडी क्लासिक्स देने वाली इस कमाल की जोड़ी ने अपने इस साथ से पहले ही जबरदस्त बज बना दिया है। बालाजी मोशन पिक्चर्स के सपोर्ट वाली यह फिल्म दर्शकों की एक्साइटमेंट को लगातार बढ़ा रही है। इसी बेताबी को और बढ़ाते हुए, मेकर्स ने अब इसका दूसरा गाना 'तू ही दिसदा' रिलीज़ कर दिया है, जो इस हॉरर-कॉमेडी फिल्म में रोमांस का एक फ्रेश तड़का लगाता है। पहले गाने 'राम जी आके भला करेंगे' के बाद, अब आया 'तू ही दिसदा' अक्षय कुमार और वामिका गब्बी को एक ड्रीम रोमांटिक अवतार में दिखाता है। यह गाना उनकी खूबसूरत केमिस्ट्री को कमाल के विजुअल्स के साथ बखूबी पेश करता है। झरनों, हरियाली और खूबसूरत पहाड़ों के बैकड्रॉप पर सेट यह ट्रैक एक सुकून देने वाला और रोमांटिक अहसास कराता है। यह एक कूल और ब्रीजी गाना है, जो 'समर लव' के लिए एकदम परफेक्ट है। गाने की खूबसूरती को और बढ़ाते हुए, इसे अरिजीत सिंह और निखिता गांधी ने गाया है, जिनकी रूहानी आवाज़ विजुअल्स में एक गहराई और इमोशन जोड़ती है। इसका प्रेजेंटेशन बहुत ही नेचुरल और दिखने में शानदार है, जो प्रियदर्शन के सिग्नेचर स्टोरीटेलिंग स्टाइल की एक झलक देता है और इस गाने को देखने में मज़ा आता है। मेकर्स ने हाल ही में 'भूत बंगला' का टीज़र रिलीज़ किया था, जिसने इंटरनेट पर आते ही तहलका मचा दिया। दर्शक अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की वापसी, उनके क्लासिक कॉमिक वन-लाइनर्स और हॉरर के इस मेल को देखने के लिए बहुत एक्साइटेड हैं। परेश रावल, असरानी और राजपाल यादव जैसे दिग्गज एक्टर्स की वापसी ने इस फिल्म की पुरानी यादों और स्टार कास्ट की वैल्यू को और बढ़ा दिया है। बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड के डिवीजन, बालाजी मोशन पिक्चर्स ने 'केप ऑफ गुड फिल्म्स' के साथ मिलकर 'भूत बंगला' पेश की है, जिसमें अक्षय कुमार, वामिका गब्बी, परेश रावल, तब्बू और राजपाल यादव लीड रोल्स में हैं। प्रियदर्शन के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म को अक्षय कुमार, शोभा कपूर और एकता आर कपूर ने प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म 10 अप्रैल, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



### मिलते हैं ब्रेक के बाद

### लगातार शूटिंग के बाद तरोताजा होना चाहते हैं

# अली फज़ल

बॉलीवुड अभिनेता अली फजल ने कई महीनों तक लगातार शूटिंग और व्यस्त ट्रैवल शेड्यूल के बाद अब थोड़ा ब्रेक लेने का फैसला किया है, जिससे वह खुद को फिर से तरोताज़ा कर सकें। अली फजल पिछले कुछ समय से फिल्मों और सिरीज के कई प्रोजेक्ट्स को एक साथ संभाल रहे थे और उन्हें आराम का बहुत कम समय मिल पा रहा था। विभिन्न शोज़ के लिए यात्रा करने से लेकर बहुप्रतीक्षित मिर्जापुर दि मूवी की शूटिंग तक अली का शेड्यूल काफी व्यस्त रहा है। इसके साथ ही वह बंटवारा 1947 और लस्ट स्टोरीज 3 जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स पर भी काम कर रहे हैं, जिससे वह अलग-अलग जॉनर और प्लेटफॉर्म्स में लगातार व्यस्त हैं। इतने व्यस्त शेड्यूल के बीच अली ने अब कुछ समय के लिए काम से दूरी बनाकर आराम करने का फैसला किया है। वह इस ब्रेक का इस्तेमाल रिलैक्स करने, खुद को रीसेट करने और थोड़ा शांत समय बिताने के लिए करना चाहते हैं, जिससे अगली शूटिंग शुरू करने से पहले नई ऊर्जा के साथ लौट सकें। अली फजल ने इस ब्रेक के बारे में बात करते कहा कि पिछले कुछ महीने काफी व्यस्त रहे हैं, लगातार ट्रैवल और लंबी शूटिंग के साथ। मुझे लगा कि थोड़ा धीमा होना और ब्रेक लेना जरूरी है। इस समय का इस्तेमाल मैं आराम करने, छूट गई चीज़ों को पूरा करने और खुद को रिचार्ज करने में कर रहा हूं, ताकि अगली शूटिंग के लिए नई ऊर्जा के साथ वापस आ सकूं। ऐसे छोटे ब्रेक बहुत मदद करते हैं। अलग-अलग और चुनौतीपूर्ण किरदारों के लिए जाने जाने वाले अली के आने वाले प्रोजेक्ट्स को लेकर पहले से ही फैंस में काफी उत्साह है। इस छोटे ब्रेक के बाद वह जल्द ही अपने अगले शेड्यूल की तैयारी शुरू करेंगे।

## यश दयाल आईपीएल के इस सीजन से बाहर

### निजी कारणों से नहीं खेलेंगे, क्रिकेटर पर पिछले साल रेप के 2 केस दर्ज हुए थे

बेंगलुरु (एजेंसी)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के तेज गेंदबाज यश दयाल इस सीजन टीम से नहीं जुड़ेंगे। टीम के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट मोहम्मद बोबाट ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि यश निजी कारणों से इस सीजन में नहीं खेलेंगे। हालांकि, उन्होंने यह भी साफ किया कि खिलाड़ी अभी भी टीम के साथ कॉन्ट्रैक्ट में बने हुए हैं। यश को पिछले साल की नीलामी से पहले आरसीबी ने 5 करोड़ रुपए में रिटेन किया था। उन्होंने 2022 में गुजरात



टाइटंस के साथ आईपीएल डेब्यू किया था और उसी साल टीम के साथ खिताब भी जीता था।

**2 बार रेप के आरोप लग चुके**- यश दयाल इस समय दो अलग-अलग मामलों में यौन शोषण के आरोपों का सामना कर रहे हैं। गाजियाबाद की एक महिला ने आरोप लगाया है कि दयाल ने शादी का झांसा देकर पांच साल तक उसका भावनात्मक और शारीरिक शोषण किया। इस शिकायत के बाद उनके खिलाफ रेप का मामला दर्ज हुआ। इसके अलावा जयपुर में एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म का भी आरोप लगाया गया है। आरोप है कि दयाल ने क्रिकेट में मदद का भरोसा देकर 17 साल की लड़की के साथ 2023 में दुष्कर्म किया। इस मामले में जयपुर के सांगानेर सदर थाने में एफआईआर दर्ज है।

### यश ने श्वेता पुंडीर से शादी की

13 मार्च को खबर आई थी कि यश ने कंटेंट क्रिएटर श्वेता पुंडीर से शादी कर ली है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दोनों ने 4 फरवरी को उत्तर प्रदेश के नोएडा में परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में सात फेरे लिए थे। शादी में क्रिकेट जगत से किसी के शामिल होने की खबर नहीं थी। श्वेता पुंडीर दिल्ली की सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और व्लॉगर हैं। इंस्टाग्राम पर उनके करीब 5.87 लाख फॉलोअर्स हैं। वे इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स लीग में ब्रॉडकास्टर के तौर पर भी काम कर चुकी हैं।

# बेंगलुरु भगदड़ के मृतकों को अनूठी श्रद्धांजलि

### चिन्नास्वामी स्टेडियम में 11 सीटें हमेशा खाली रखी जाएंगी, स्मारक पट्टिका भी लगेगी

बेंगलुरु (एजेंसी)। बेंगलुरु के एम चिन्नस्वामी स्टेडियम में खेले जाने वाले आईपीएल और इंटरनेशनल मैचों में 11 सीटें हमेशा खाली रखी जाएंगी। वहीं, स्टेडियम के एंट्री गेट पर स्मारक पट्टिका (मेमोरियल प्लाक) और हर मैच से पहले एक मिनट का मौन भी रखा जाएगा, जिसमें दोनों टीमें हिस्सा लेंगी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) ने पिछले साल एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुए भगदड़ में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए यह खास पहल की है। 4 जून 2025 को ऋष्ठकी पहली आईपीएल ट्रॉफी जीत के जश्न के दौरान स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने में 11 लोगों की मौत हो गई थी।

**मैच से पहले दी जाएगी श्रद्धांजलि**- भगदड़ वाली घटना की याद में आरसीबी और केएससीए ने स्टेडियम में एक स्मारक पट्टिका (मेमोरियल प्लाक) लगाने और 11 सीटों को हमेशा खाली रखने का फैसला किया है। ये सीटें इंटरनेशनल मैच में भी उन 11 लोगों की याद में कभी बेची नहीं जाएंगी।



### हिल्सबरो मेमोरियल की तर्ज पर बनेगा स्मारक

स्टेडियम की गेट पर लगने वाली स्मारक पट्टिका को इंग्लैंड के मशहूर हिल्सबरो मेमोरियल की तर्ज पर तैयार किया जा रहा है। हिल्सबरो मेमोरियल को लिवरपूल एफसी के 97 फैंस की याद में बनाया गया था। दरअसल, 15 अप्रैल 1989 को एफए कप सेमीफाइनल के दौरान हिल्सबरो स्टेडियम में हुए भीषण हादसे में इन फैंस की जान चली गई थी, जिसके बाद उनकी स्मृति में यह मेमोरियल बनाया गया।

### काफी समय से बात चल रही थी- वेंकटेश प्रसाद

कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष वेंकटेश प्रसाद ने इस पहल की पुष्टि करते हुए कहा कि इस दुखद घटना को याद करना भी पीड़ादायक है, लेकिन काफी समय से स्मारक बनाने पर चर्चा चल रही थी। उन्होंने कहा कि 11 लोगों की याद को सम्मान देना जरूरी है, न कि पुराने जख्मों को कुरेदना।

### आईपीएल के शुरुआती 20 मैच का शेड्यूल जारी

4 दिन पहले बीसीसीआई ने आईपीएल के शुरुआती 20 मैचों का शेड्यूल जारी किया था। इनमें से 2 मैच बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने हैं। शेड्यूल जारी करते समय बीसीसीआई ने कहा था कि बेंगलुरु में आईपीएल मैच सरकार की परमीशन पर निर्भर करेंगे।

### स्टेडियम में मैच कराने पर रोक लग गई थी

भगदड़ हादसे के बाद जस्टिस जॉन माइकल डी कुन्हा कमेटी ने इस स्टेडियम को बड़े आयोजनों के लिए असुरक्षित बताया था, जिसके चलते यहां मैच कराने पर रोक लगा दी गई थी। इसके कारण आईसीसी महिला वर्ल्ड कप 2025 के मुकाबले भी बेंगलुरु से हटाकर नवी मुंबई में आयोजित किए गए। वहीं, घरेलू टी-20 लीग महाराजा टी-20 ट्रॉफी को भी बेंगलुरु की बजाय मैसूर में शिफ्ट करना पड़ा था।

### स्टेडियम में मैच कराने की मंजूरी

कर्नाटक सरकार ने एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में आईपीएल 2026 के मैचों के आयोजन को मंजूरी दे दी है। यहां 28 मार्च को मेजबान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच ओपनिंग मैच खेला जाएगा।

# आईपीएल 2026 क्यों होगा इतिहास का सबसे खास सीजन?

नईदिल्ली (एजेंसी)। आईपीएल 2026 का सीजन कई मायनों में ऐतिहासिक होने वाला है। इस बार न सिर्फ मैचों की संख्या बढ़ी है, बल्कि कप्तानी, रिकॉर्ड और टूर्नामेंट के ट्रेंड में भी बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं। यही वजह है कि आईपीएल 2026 को अब तक का सबसे खास सीजन माना जा रहा है। आइए जानते हैं आखिर क्यों यह सीजन इतना खास है।

- **पहली बार सभी टीमों के कप्तान भारतीय**- आईपीएल इतिहास में पहली बार ऐसा होगा जब सभी 10 टीमों की कप्तानी भारतीय खिलाड़ी करेंगे। पेट कमिंस शुरुआती मैचों में उपलब्ध नहीं रहेंगे, इसलिए उनकी टीम की कप्तानी इशान किशन करेंगे। इसी कारण पहली बार ऐसा संयोग बना है कि सभी टीमों के कप्तान भारतीय होंगे। यह आईपीएल इतिहास का बड़ा बदलाव माना जा रहा है।
- **आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा सीजन**- आईपीएल 2026 में कुल 84 मैच खेले जाएंगे, जो अब तक के इतिहास में सबसे ज्यादा हैं। पहले आईपीएल सीजन में 70-74 या 76 मैच खेले जाते थे, लेकिन इस बार मैचों की संख्या बढ़ने से टूर्नामेंट और लंबा और रोमांचक होगा।

### पहली सभी टीम के कप्तान भारतीय है




- **छक्कों और चौकों के बन सकते हैं नए रिकॉर्ड**-मैच ज्यादा होने की वजह से इस बार बाउंड्री के कई नए रिकॉर्ड बन सकते हैं।
- **पिछले सीजन 1294 छक्के लगे थे**- इस बार 1500 से ज्यादा छक्के लगने की उम्मीद
- चौकों का आंकड़ा 2500 के पार जा सकता है
- यानि आईपीएल 2026 बल्लेबाजों के लिए बड़ा सीजन साबित हो सकता है।
- **चैंपियन टीमों का घट रहा दबदबा**- पिछले कुछ सालों में आईपीएल में नई टीमों का दबदबा बढ़ा है, जबकि पुरानी चैंपियन टीमों का प्रदर्शन उतना अच्छा नहीं रहा। मुंबई इंडियन ने 2020 के बाद खिताब नहीं जीता, जबकि चेन्नई सुपर किंग्स भी पिछले सीजन प्लेऑफ में नहीं पहुंच पाई। इससे साफ है कि अब आईपीएल में हर सीजन नई टीम चैंपियन बन सकती है।
- **पर्पल कैप का बदलता ट्रेंड**- अब पर्पल कैप जीतने के लिए पहले जितने विकेट लेने की जरूरत नहीं पड़ रही। पहले 30+ विकेट लेने पड़ते थे, लेकिन पिछले दो सीजन में 24-25 विकेट लेकर ही पर्पल कैप जीत ली गई। इससे पता चलता है कि क्रिकेट का ट्रेंड बदल रहा है और गेंदबाजों के लिए मुकाबला और मुश्किल हो गया है।

# हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में

### दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम घोषित



नईदिल्ली (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए भारतीय महिला टीम का एलान कर दिया है। यह दौरा पांच मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज का होगा, जो 17 अप्रैल से शुरू होकर 27 अप्रैल तक खेला जाएगा। टीम की कमान एक बार फिर अनुभवी ऑलराउंडर हरमनप्रीत कौर के हाथों में होगी, जबकि स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना को उपकप्तान बनाया गया है। यह टीम अनुभव और युवा प्रतिभा का बेहतरीन मिश्रण है। खासतौर पर अनुष्का शर्मा को मिला पहला मौका इस दौरे को और दिलचस्प बनाता है। भारतीय टीम इस सीरीज में मजबूत प्रदर्शन कर दक्षिण अफ्रीका में जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी।

- **अनुष्का शर्मा को पहली बार मौका**- इस टीम में सबसे बड़ी चर्चा युवा खिलाड़ी अनुष्का शर्मा को लेकर है, जिन्हें पहली बार राष्ट्रीय टीम में जगह मिली है। उन्होंने हाल ही में महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में गुजरात जाएंट्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया था। अनुष्का ने टूर्नामेंट में सात पारियों में 177 रन बनाए, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 129.19 रहा। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 44 रन था। उनके इसी प्रदर्शन का इनाम उन्हें राष्ट्रीय टीम में चयन के रूप में मिला है।
- **मजबूत बल्लेबाजी क्रम**- टीम का बल्लेबाजी क्रम काफी संतुलित नजर आ रहा है। इसमें शेफाली वर्मा, जेमिमा रॉड्रिग्स और दीप्ति शर्मा जैसी भरोसेमंद खिलाड़ी शामिल हैं। विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी ऋचा घोष और उमा छेत्री संभालेंगी, जिससे टीम को अतिरिक्त गहराई मिलती है।
- **गेंदबाजी में अनुभव और युवा जोश**- स्पिन विभाग में श्रेयंका पाटिल और श्री चरणी, अनुभवी दीप्ति शर्मा के साथ मिलकर मजबूत संयोजन बनाएंगी। तेज गेंदबाजी आक्रमण की जिम्मेदारी रेणुका ठाकुर, अरुंधति रेड्डी और क्रांति गौड़ के कंधों पर होगी।
- **सीरीज का कार्यक्रम**- पांच मैचों की यह टी20 सीरीज दक्षिण अफ्रीका के अलग-अलग शहरों में खेली जाएगी।

#### तारीख व स्थान

पहला और दूसरा मैच : 17 और 19 अप्रैल, डरबन
तीसरा और चौथा मैच : 22 और 25 अप्रैल, जोहानिसबर्ग
पांचवां मैच : 27 अप्रैल, बेनोनी

#### भारतीय महिला टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), अरुंधति रेड्डी, रेणुका ठाकुर, क्रांति गौड़, श्री चरणी, श्रेयंका पाटिल, काशवी गौतम, भारती फुलमाली, उमा छेत्री (विकेटकीपर), अनुष्का शर्मा।

# इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर खेलने के बजाय उन्हें संन्यास ले लेना चाहिए

### धोनी पर पूर्व क्रिकेटर आकाश चौपड़ा का तीखा बयान

मुंबई (महाराष्ट्र) (एजेंसी)। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और भारत के दिग्गज खिलाड़ी 'इम्पैक्ट प्लेयर' के तौर पर नहीं खेल सकते और अगर वह ऐसा करते हैं, तो 44 साल के इस खिलाड़ी के लिए अब संन्यास लेने का समय आ गया है। ये बात पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कमेंटेटर आकाश चोपड़ा ने कही है।

पिछले कुछ सालों के हर सीजन में धोनी का सीएसके की मशहूर पीली जर्सी में दिखने वाला आखिरी सीजन का सवाल सामने होता है। कुछ समय से रुतुराज गायकवाड़ के कप्तान होने, टीम में कई युवा खिलाड़ियों के होने, और विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन के राजस्थान रॉयल्स से इस येलो फ्रेंचाइजी में ट्रेड होकर आने के बाद अब इस बारे में चर्चाएं और भी तेज हो गई हैं।

काफी समय से यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि यह सीजन धोनी का आखिरी सीजन हो सकता है क्योंकि उनके घुटने की समस्याएं बनी हुई हैं। धोनी ने चेपॉक स्टेडियम में हुए आरओएआर26 फैन इवेंट के दौरान अपनी घटती फिटनेस को स्वीकार भी किया था और कहा था कि यह अब ढलान पर है। फिटनेस, उम्र और घुटने से जुड़ी इन समस्याओं के कारण उन्हें बल्लेबाजी क्रम में नीचे (लोअर-मिडिल-ऑर्डर) आना पड़ा है, जहां वह डेथ ओवर्स के दौरान कुछ बड़े शॉट्स लगाते हैं; ऐसा करके वह अपने शरीर को बचाते हैं और साथ ही 'थाला किंगडम' का मनोरंजन भी करते हैं।



जियोस्टार के शो आईपीएल टुडे लाइव पर बोलते हुए आकाश ने कहा, आप डगआउट से टीम नहीं चलाते, यह फुटबॉल नहीं है। क्रिकेट में आपको मैदान पर होना जरूरी है और रूर धोनी की सबसे बड़ी ताकत उनकी खेल को किसी और से बेहतर समझने की क्षमता है। वही स्पष्टता और आत्मविश्वास उन्हें वह बनाते हैं जो वह हैं। वैसे भी मुझे लगता है कि यह उनका आखिरी सीजन हो सकता है।

#### आईपीएल 2026 के लिए चेन्नई सुपर किंग्स की टीम

अंशुल कंबोज, गुरजपनीत सिंह, जेमी ओवरटन, रूर धोनी, मुकेश चौधरी, नाथन एलिस, नूर अहमद, रामकृष्ण घोष, संजू सैमसन, ऋतुराज गायकवाड़, शिवम दुबे, श्रेयस गोपाल, सैयद खलील अहमद, आयुष म्हात्रे, डेवाल्ड ब्रेविस, उर्विल पटेल, सरफराज खान (75 लाख रुपए), कार्तिक शर्मा (14.20 करोड़ रुपए), प्रशांत वीर (14.20 करोड़ रुपए), मैथ्यू शॉर्ट (1.50 करोड़ रुपए), अमन खान (40 लाख रुपए), जैक फाउल्क्स (75 लाख रुपए), अकील होसेन (2 करोड़ रुपए), राहुल चाहर (5.2 करोड़ रुपए), मैट हेनरी (2 करोड़ रुपए)

### न्यूजीलैंड के बल्लेबाज टॉम लाथम

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांचवें टी-20 मैच से बाहर चोट ने बढ़ाई चिंता

क्राइस्टचर्च (एजेंसी)। न्यूजीलैंड के बल्लेबाज टॉम लाथम बुधवार को हेगले ओवल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले पांचवें और आखिरी टी-20 मैच से बाहर हो गए हैं। शुक्रवार को ईडन पार्क में तीसरे टी-20 के दौरान दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज नकोबानी मोकोएना की गेंद लाथम के बाएं अंगूठे पर लगी थी। एनजेडसी ने बताया कि स्कैन से पता चला है कि उनके अंगूठे के ऊपरी हिस्से में हल्का फ्रैक्चर है और उम्मीद है कि वे दो से तीन हफ्ते में ट्रेनिंग पर लौट आएंगे। टॉम ब्लंडेल, जो तीसरे टी-20में लाथम के चोटिल होने के बाद टॉप-ऑर्डर बल्लेबाज/विकेटकीपर के बैकअप के तौर पर टीम में शामिल हुए थे, वे बैकअप के तौर पर टीम के साथ बने रहेंगे।



न्यूजीलैंड की पारी के चौथे ओवर में चोट लगने के बावजूद लाथम ने बल्लेबाजी जारी रखी और 63 रन बनाकर नाबाद रहे, जिससे ब्लैक कैप्स ने आठ विकेट से जीत हासिल की। ??मैच के बाद मैदान पर मौजूद मेडिकल स्टाफ ने लाथम के अंगूठे की जांच की और इसके बाद मैच के अगले दिन सुबह उन्हें स्कैन के लिए क्राइस्टचर्च ले जाया गया। लाथम की अनुपस्थिति में ईडन पार्क में जेम्स नीशम ने टीम की कप्तानी संभाली। यह उनके दस साल लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर में पहला मौका था जब इस ऑलराउंडर ने टी-20 में न्यूजीलैंड की कप्तानी की; ऐसा करने वाले वे देश के 12वें खिलाड़ी बन गए हैं।

इससे पहले इस सीरीज में ईश सोढ़ी और बेवन जैकब्स क्रमशः अंगूठे में फ्रैक्चर और बाएं घुटने में चोट के कारण टीम से बाहर हो गए थे। रविवार को पहले टी-20 के दौरान फील्डिंग करते समय बाएं घुटने के बल गिरने के कारण जैकब्स को मैदान छोड़ना पड़ा था। बाद में हुए स्कैन से पता चला कि उनके घुटने के किनारे की हड्डी में चोट (बोन ब्रूसिंग) लगी है जिसके बाद हैमिल्टन में होने वाले दूसरे टी-20 के लिए कैटेन क्लार्क को बैकअप के तौर पर टीम में शामिल किया गया।

दूसरी ओर सीरीज के पहले मैच से पहले बे ओवल में टीम की ट्रेनिंग के दौरान गेंदबाजी करते समय सोढ़ी के अंगूठे पर चोट लग गई थी। बाद में हुए स्कैन से पता चला कि उनके अंगूठे में फ्रैक्चर है जिसके ठीक होने में कम से कम चार हफ्तों के रिहैबिलिटेशन की जरूरत होगी। हैमिल्टन और ऑकलैंड में होने वाले दूसरे और तीसरे मैच के लिए लॉकी फर्ग्यूसन को टीम में शामिल किया गया था। पांच मैचों की यह सीरीज फिलहाल मेजबान टीम के पक्ष में 3-1 से चल रही है।

## मियामी ओपन में जैनिक सिनर ने रचा इतिहास, जोकोविच का बड़ा रिकॉर्ड तोड़ा

मियामी (एजेंसी)। जैनिक सिनर ने मियामी ओपन में शानदार प्रदर्शन करते हुए टेनिस की दुनिया में नया इतिहास रच दिया। सिनर ने तीसरे राउंड में कोरेंटिन माउटे को 6-1, 6-4 से हराकर एटीपी मास्टर्स 1000 स्तर पर लगातार 26 सेट जीतने का रिकॉर्ड बना दिया। इस जीत के साथ उन्होंने सर्बिया के दिग्गज खिलाड़ी नोवक जोकोविच का 24 लगातार सेट जीतने का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

- **दूसरे राउंड में बराबरी, तीसरे राउंड में रिकॉर्ड**- सिनर ने मियामी ओपन के दूसरे राउंड में जीत हासिल कर जोकोविच के 24 सेट के रिकॉर्ड की बराबरी की थी। इसके बाद तीसरे राउंड में जीत हासिल करते ही वह इस रिकॉर्ड से आगे निकल गए। यह मैच हार्ड रॉक स्टेडियम में खेला गया, जहां सिनर ने एकतरफा अंदाज में मैच अपने नाम किया।
- **पेरिस मास्टर्स से शुरू हुआ जीत का सिलसिला**- सिनर का लगातार सेट जीतने का सिलसिला पिछले साल नवंबर में पेरिस मास्टर्स से शुरू हुआ था, जहां उन्होंने बिना एक भी सेट गंवाए खिताब जीता था। इसके बाद उन्होंने इंडियन वेल्स (पैरिबास ओपन) में भी बिना सेट गंवाए खिताब जीता। मियामी में दो जीत के साथ अब वह लगातार 13 मास्टर्स 1000 मैच भी जीत चुके हैं।

# ईरान पर हवाई हमलों ने मचाई भारी तबाही, तेहरान ने इजराइल और खाड़ी देशों को निशाना बनाया

» दुबई, भाषा।

ईरान पर मंगलवार को किए गए हवाई हमलों ने राजधानी तेहरान में भारी तबाही मचाई, लेकिन ईरानी मिसाइलों और ड्रोन ने भी इजराइल के तेल अवीव और पश्चिम एशिया के कई ठिकानों को निशाना बनाया। हालांकि, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका युद्ध समाप्त करने के लिए इस्लामिक गणराज्य के साथ बातचीत कर रहा है। हजारों और अमेरिकी मरीन सैनिकों के खाड़ी क्षेत्र की ओर रवाना होने, दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे पर तीव्र हमला जारी रहने और ईरान द्वारा किसी भी प्रकार की बातचीत से इनकार करने के बीच युद्ध तेज होता दिखा। हालांकि, इसके एक दिन पहले ट्रंप ने ईरान को दी गई वह समय सीमा भी आगे बढ़ा दी, जिसके तहत होर्मुज जलडमरूमध्य को जहाजों के लिए नहीं खोलने पर ईरान के ऊर्जा संयंत्रों को हवाई हमलों में निशाना बनाने की चेतावनी दी गई थी। इस महत्वपूर्ण जलमार्ग पर तेहरान के नियंत्रण ने वैश्विक स्तर पर माल के परिवहन को बाधित कर दिया है, ईंधन की कीमतें आसमान छू रही हैं और विश्व अर्थव्यवस्था के लिए खतरा उत्पन्न हो गया है।



अमेरिका और ईरान के बीच किसी भी वार्ता (जिसका मंगलवार को होना बेहद अनिश्चित दिखा) को भारी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। वाशिंगटन के बदलते उद्देश्यों को अब भी हासिल करना मुश्किल है खासकर ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल और परमाणु कार्यक्रम के संदर्भ में। इस बीच, यह स्पष्ट नहीं है कि ईरान सरकार में किसके पास बातचीत करने का अधिकार होगाया कौन बातचीत करने को तैयार होगा, विशेष रूप से तब, जब इजराइल ने ईरान के कई नेताओं को मारने के बाद उसके अन्य नेताओं को खत्म करना जारी रखने का संकल्प लिया है। ईरान में अमेरिका को लेकर अत्यधिक संशय है, जिसने ट्रंप प्रशासन के तहत दो बार उच्च स्तरीय राजनयिक वार्ता के दौरान हमले किए हैं, जिनमें 28 फरवरी के वे हमले भी शामिल हैं, जिससे मौजूदा युद्ध शुरू हुआ था। गहरे अविश्वास के बीच बातचीत को लेकर मिले-जुले संकेत मिले रहे हैं। ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बगेर कलीबाफ ने अमेरिका के साथ बातचीत की खबर को फर्जी खबर बताया, वहीं अराघची के कार्यालय ने स्वीकार किया कि विदेश मंत्री ने इस सप्ताह अजरबैजान, मिस्र, ओमान, पाकिस्तान, रूस, दक्षिण कोरिया, तुर्किए और तुर्कमेनिस्तान के अपने समकक्षों के साथ युद्ध के बारे में बातचीत की है। बातचीत की चर्चा से तेल की कीमतों में थोड़े समय के लिए गिरावट आई और बाजार में तेजी आई। लेकिन यह राहत अल्पकालिक रही, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमत मंगलवार को 100 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गई, जो युद्ध शुरू होने के बाद से लगभग 40 प्रतिशत वृद्धि को दर्शाता है। ईरान के नेता वाशिंगटन के इरादों को लेकर आशंकित हैं, क्योंकि तेहरान मौजूदा युद्ध शुरू करने वाले अचानक किए गए हमले से पहले अमेरिका के साथ बातचीत कर रहा था। पिछले साल भी ईरान बातचीत कर रहा था, जब अमेरिका और इजराइल ने उसके परमाणु संयंत्रों पर हमला किया था। ईरान ने मंगलवार को एक ईरानी रिवॉल्यूशनरी गार्ड के पूर्व कमांडर को देश की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद का नया सचिव नियुक्त किया, जिन्होंने हवाई हमले में मारे गए अली लारीजानी की जगह ली। ईरानी सरकारी टेलीविजन ने नए सचिव की पहचान मोहम्मद बागेर जोलघाद्र के रूप में की है, जो गार्ड में ब्रिगेडियर जनरल थे। ट्रंप की यह घोषणा ऐसे समय में आई है, जब हजारों मरीन सैनिकों का एक दल क्षेत्र की ओर रवाना हो रहा है, जिससे यह अटकलें तेज हो गई हैं कि अमेरिका खार्ग द्वीप पर कब्जा करने की कोशिश कर सकता है, जो देश के तेल नेटवर्क के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। अमेरिका ने एक सप्ताह से अधिक समय पहले फारस की खाड़ी में स्थित इस द्वीप पर बमबारी की थी, जिससे इसकी रक्षा व्यवस्था को नुकसान पहुंचा था, लेकिन उसने कहा था कि तेल बुनियादी ढांचा सुरक्षित है।

## दो ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हवाई हमले किए गएः ईरान का दावा

**दुबई, भाषा।** ईरान के अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड की करीबी एक अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी ने मंगलवार तड़के बताया कि देश के दो ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हवाई हमले किए गए हैं। समाचार एजेंसी फ़ार्स की खबर में दावा किया गया है कि एक हमले में इस्फ़हान में प्राकृतिक गैस के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया, जबकि दूसरे हमले में खुर्मशहर बिजली संयंत्र के लिए बनी गैस पाइपलाइन को निशाना बनाया गया। फ़ार्स की यह रिपोर्ट ऐसे वक्त आई है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान के ऊर्जा संयंत्रों पर हमले नहीं करने के लिए दी गई समय सीमा बढ़ा दी गई है। सोमवार को इस क्षेत्र में हुए हमलों की जिम्मेदारी न तो इजराइल ने ली है और न ही अमेरिका ने, हालांकि दोनों देश अपने हमलों को हमेशा स्वीकार नहीं करते हैं। यह भी स्पष्ट नहीं हो पाया कि क्या इन स्थलों को विशेष रूप से निशाना बनाया गया या क्षेत्र में अन्य स्थलों पर हुए हमलों में इन्हें नुकसान पहुंचा है।

### अमेरिका ईरान के ऊर्जा संयंत्रों पर हमले को अब पांच दिन के लिए टाल देगा

# ट्रंप ने कहा–ईरान करना चाहता है समझौता तेहरान ने ऐसी किसी भी बात से किया इनकार

» दुबई, भाषा।

**अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए ईरान को दी गई समयसीमा बढ़ा दी है, साथ ही उन्होंने कहा कि अमेरिका ईरान के ऊर्जा संयंत्रों पर हमले को अब पांच दिन के लिए टाल देगा। ट्रंप ने यह भी दावा किया कि अमेरिकी दूत एक सम्मानित ईरानी नेता के साथ बातचीत कर रहे हैं और ईरान समझौता करना चाहता है। वहीं ईरान के अधिकारियों ने ऐसी किसी भी बात से साफ इनकार किया और कहा कि ईरान की कड़ी चेतावनी के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने पीछे हटने का निर्णय किया। ट्रंप ने यह भी कहा कि अमेरिका समझौते के तहत ईरान के संवर्धित यूरेनियम को वहां से निकालना और उसके परमाणु कार्यक्रम को समाप्त करना चाहेगा।**



उन्होंने पत्रकारों से कहा, हम कोई परमाणु बम या परमाणु हथियार नहीं देखना चाहते। इस बीच ईरान में संघर्ष में मरने वालों की संख्या बढ़कर 1,500 से अधिक जबकि लेबनान में1,000 से अधिक पहुंच गई है। वहीं इजराइल में 15 और 13 अमेरिकी सैन्य कर्मी मारे गए हैं। इसके अलावा, खाड़ी क्षेत्र में भी कई नागरिक मारे गए है। ईरान और लेबनान में लाखों लोग विस्थापित हुए हैं। उत्तरी इजराइल में एक संभावित हमले की सूचना के बाद मंगलवार तड़के राहत एवं बचाव टीम घटनास्थल पर पहुंचीं। होम फ्रंट कमांड के अनुसार, इलाके में किसी वस्तु के गिरने की खबर मिली थी, जिसके बाद बचाव अभियान शुरू किया गया। लोगों से अपील की गई कि वे उस क्षेत्र में एकत्र न हों। इससे पहले इजराइली सेना ने चेतावनी दी थी कि ईरान की ओर से इजराइल की तरफ मिसाइलें दागी जा रही हैं। इस बीच, इजराइल की वायुसेना ने बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर जोरदार हवाई हमले किए। सेना का कहना है कि इन हमलों का लक्ष्य हिज्बुल्लाह के ठिकाने और बुनियादी ढांचे थे, इन हमलों में किसी के हताहत होने की फिलहाल कोई सूचना नहीं है। हमलों के दौरान बहुत नीचे उड़ते लड़ाकू विमानों की आवाजें सुनी गईं, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। लेबनानी अधिकारियों ने कहा है कि इजराइली हमलों में अब तक लेबनान में 1,000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और लगभग 10 लाख लोग विस्थापित हो गए हैं। इसी बीच, संयुक्त राष्ट्र में यूक्रेन के राजदूत ने रूस और ईरान के बीच सैन्य सहयोग बढ़ने को लेकर चेतावनी दी है। उनका कहना है कि यह सहयोग क्षेत्रीय संघर्ष को और गंभीर बना सकता है और वैश्विक सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकता है। मिस्र के एक अधिकारी ने बताया अमेरिका और ईरान के बीच सप्ताहांत में मिस्र, तुर्किए और पाकिस्तान के माध्यम से संदेशों का आदान-प्रदान हुआ।

# रूस ने यूक्रेन पर करीब 400 ड्रोन दागे, चार लोगों की मौत, कम से कम 27 लोग घायल

**कीव, भाषा।** रूस की ओर से यूक्रेन के नागरिक इलाकों पर किए गए ड्रोन और मिसाइल हमलों में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि कम से कम 27 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मॉस्को की सेना ने यूक्रेनी अग्रिम पंक्ति की रक्षा पंक्ति को भेदने के प्रयासों को तेज कर दिया है, जो वसंत ऋतु में होने वाले संभावित जमीनी आक्रमण की शुरुआत हो सकती है। यूक्रेन की वायुसेना के अनुसार, रूस ने रात भर में लगभग 400 लंबी दूरी के ड्रोन दागे, जो हाल के हफ्तों में सबसे बड़ा हमला है। यह हमला मंगलवार सुबह तक जारी रहा, जब दिन के उजाले में भी कई ड्रोन ने राजधानी कीव को निशाना बनाया। यूक्रेन की वायुसेना ने बताया कि इसके अलावा, रूस ने रात में 23 क्रूज मिसाइल और सात बैलिस्टिक मिसाइलें भी दागीं, जिनसे देशभर में कम से कम 10 स्थान प्रभावित हुए। चार साल से भी अधिक समय पहले रूस द्वारा अपने पड़ोसी देश पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण शुरू करने के बाद से यूक्रेनी नागरिक लगातार बमबारी का सामना कर रहे हैं। पिछले एक साल में अमेरिका की मध्यस्थता में मॉस्को और कीव के बीच हुई वार्ताओं से कोई राहत नहीं मिली है। रूस ने यूक्रेन के युद्धविराम प्रस्ताव को खारिज कर दिया है, वहीं हाल के हफ्तों में ईरान से जुड़े संघर्ष ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय के ध्यान को यूक्रेन से हटा दिया है। पूर्वी और दक्षिणी यूक्रेन में फैली लगभग 1,250 किलोमीटर लंबी अग्रिम पंक्ति पर तैनात यूक्रेनी सैनिक बेहतर मौसम के साथ रूस के नए हमले के लिए तैयार हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### दक्षिण अफ्रीका के एक प्रांत के प्रशासन ने सामुदायिक कार्यों के लिए हिंदू संगठन की सराहना की

» जोहानिसबर्ग, भाषा।

दक्षिण अफ्रीका के गौटेंग प्रांत के प्रमुख के कार्यालय ने देश में सामाजिक सामंजस्य व मानवतावाद को बढ़ावा देने में प्रमुख हिंदू संगठन एसए हिंदूज की भूमिका की सराहना की। जोहानिसबर्ग के लीनासिया में आयोजित संगठन के 10वें वार्षिकोत्सव समारोह के मौके पर उसकी यह सराहना की गई। गौटेंग के प्रमुख पनयाजा लेसुफी का प्रतिनिधित्व करने वाले एक प्रतिनिधिमंडल ने एसए हिंदूज की संस्थापक पंडिता लूसी की भूमिका की भी प्रशंसा की और बताया कि उनकी योजनाएं प्रशासन की योजनाओं से मेल खाती हैं। लेसुफी खुद इस समारोह में शामिल नहीं हो सके।

प्रतिनिधिमंडल के सदस्य उनाथी एमफेंडु ने कहा, हम यह भी देख रहे हैं कि देश में भ्रष्टाचार के मुद्दों का हल कैसे निकाला जा सकता है, और पंडिता लूसी भी इसी तरह काम कर रही हैं। यही कारण है कि हम यहां उन्हें अपना समर्थन देने आए हैं। उन्होंने एसए हिंदूज की ओर से जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए उठाए गए कई कदमों का उल्लेख किया, जिनमें खाद्य सामग्री वितरण और सामाजिक एवं कल्याण से जुड़ी सहायता शामिल हैं।

### ईरानी सशस्त्र बल पूर्ण विजय प्राप्त होने तक लड़ते रहेंगे : शीर्ष सैन्य कमान के प्रवक्ता

» दुबई, भाषा।




ईरान के शीर्ष सैन्य कमान के प्रवक्ता ने मंगलवार को कहा कि उनके देश की सेनाएं पूर्ण विजय प्राप्त होने तक लड़ेंगी। खातम-अल अंबिया केंद्रीय मुख्यालय के मेजर जनरल अली अब्दुल्लाही अलीबादी की ये टिप्पणियां अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस घोषणा से संबंधित प्रतीत होती हैं, जिसमें उन्होंने कहा था कि तेहरान और वाशिंगटन के बीच बातचीत जारी है। ईरान ने किसी भी प्रकार की बातचीत से इनकार किया है, हालांकि उसके विदेश मंत्री क्षेत्र के अपने समकक्षों से बात कर रहे हैं।

ईरानी सरकारी टेलीविजन ने अलीबादी के हवाले से कहा, ईरान की शक्तिशाली सेनाएं ईरान की अखंडता की रक्षा के प्रति दृढ़, गौरवान्वित, विजेता हैं। यह मार्ग पूर्ण विजय हासिल करने तक जारी रहेगा। जनरल ने यह नहीं बताया कि पूर्ण विजय का क्या अर्थ है, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि ईरान की सेना अमेरिका के साथ किसी भी संभावित बातचीत में रियायतें देने के खिलाफ चेतावनी देने की कोशिश कर रही थी।

### लेबनान ने ईरान के राजदूत की मान्यता वापस ली, देश छोड़ने का आदेश दिया

» दुबई, भाषा।



लेबनान सरकार ने मंगलवार को ईरान के राजदूत को देश छोड़ने का आदेश दिया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि युद्ध प्रभावित इस देश में तेहरान के राजनयिक प्रतिनिधि को रविवार तक देश छोड़ना होगा और उन्हें अवांछित व्यक्ति घोषित कर दिया गया है। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता डेनिस रहमे ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि ईरान के दूतावास में अब भी एक दूतावास प्रभारी मौजूद रहेगा, जो उसके राजनयिक मिशन का नेतृत्व करेगा।

लेबनानी सरकार ईरान की आलोचना करती रही है और उसके रिवोल्यूशनरी गार्ड पर लेबनान में हिजबुल्ला चरमपंथी समूह के साथ मिलकर काम करने और देश को इजराइल के साथ एक और युद्ध में घसीटने का आरोप लगाती है। इजराइल का कहना है कि उसके कुछ हमलों में देश में सक्रिय इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) के अधिकारियों को निशाना बनाया गया है।

### दक्षिण प्रशांत सागर में टोंगा के निकट 7.6 तीव्रता का भूकंप

**नेयाफू (टोंगा)।** दक्षिण प्रशांत सागर में टोंगा के निकट मंगलवार को 7.6 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग ने कहा कि भूकंप स्थानीय समयानुसार मंगलवार तड़के 237 किलोमीटर की गहराई में आया। भूकंप का केंद्र नेयाफू से 153 किलोमीटर दूर समुद्र में था। नेयाफू द्वीपीय देश टोंगा का दूसरा सबसे बड़ा शहर है।

### 121 यात्रियों को ले जा रहा सैन्य विमान दुर्घटनाग्रस्त, 33 लोगों की मौत

**बगोटा, भाषा।** कोलंबिया के प्यूर्तो लेग्विजामो में सोमवार को एक सैन्य विमान उड़ान भरने के थोड़ी देर बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे कम से कम 33 लोगों की मौत हो गई जबकि कम से कम 81 लोग घायल हो गए। शहर के उपमहापौर ने यह जानकारी दी। विमान में सैनिकों समेत कुल 121 लोग सवार थे। उपमहापौर कार्लोस क्लेरेस ने सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक वीडियो में कहा कि शवों को शवगृह ले जाया गया है और घायलों को दो क्लीनिकों में इलाज के बाद बड़े शहरों के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। प्यूर्तो लेग्विजामो इक्वाडोर और पेरु से सटे पुतुमायो प्रांत में स्थित है। रक्षा मंत्री पेड्रो सांचेज ने एक्स पर कहा कि सैनिकों को पुतुमायो प्रांत के एक अन्य शहर ले जाया जा रहा था। कोलंबिया के मीडिया संस्थानों की ओर से जारी तस्वीरों में घटनास्थल पर धुएं का गुबार उठता हुआ दिख रहा है। रक्षा मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि अधिकारी मृतकों की सही संख्या का पता लगा रहे हैं। वायुसेना ने कहा कि हर्क्यूलिस सी-130 विमान में 110 सैनिक और चालक दल के 11 सदस्यों समेत कुल 121 लोग सवार थे। कोलंबिया वायुसेना के कमांडर कार्लोस फर्नांडो सिल्वा ने कहा कि दुर्घटना कैसे हुई, इसके बारे में विस्तृत जानकारी नहीं मिल पाई है। उन्होंने कहा कि केवल यह पता चला है कि विमान में कुछ दिक्कत आई और यह हवाई अड्डे से लगभग दो किलोमीटर की दूरी पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### ईरान युद्ध की समाप्ति के लिए वार्ता की मेजबानी को तैयार है पाकिस्तान : शहबाज शरीफ

**इस्लामाबाद, भाषा।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मंगलवार को कहा कि उनका देश ईरान युद्ध को समाप्त करने के लिए सार्थक और निर्णायक वार्ता को सुगम बनाने के लिए तैयार है। शरीफ ने यह टिप्पणी एक्स पर एक पोस्ट में की। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी ऐसे वक्त आई है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा था कि अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत जारी है। पाकिस्तान उन देशों में से एक है जो ईरान और अमेरिका के बीच राजनयिक वार्ता के लिए पैरवी कर रहे हैं। शरीफ ने पोस्ट में कहा, अमेरिका और ईरान की सहमति होने पर पाकिस्तान संघर्ष के व्यापक समाधान के लिए सार्थक और निर्णायक वार्ता की मेजबानी करने और उसे आगे बढ़ाने के लिए तैयार है तथा इसे अपने लिए सम्मान की बात मानता है।

### शॉर्ट सर्विस मामले में सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

# सेवामुक्त स्थायी कमीशन से वंचित महिला पूर्ण पेंशन लाभ की ‘हकदार’

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कोर्ट ने विशेष संवैधानिक शक्तियों (अनुच्छेद 142) का इस्तेमाल किया

यह आदेश जेएजी और एईसी कैडर की महिला अधिकारियों पर लागू नहीं

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण निर्णय में व्यवस्था दी कि मनमाने मूल्यांकन के चलते स्थायी कमीशन से वंचित की गई भारतीय सशस्त्र बलों की ‘शॉर्ट सर्विस कमीशन’ प्राप्त महिला अधिकारी पूर्ण पेंशन लाभ की हकदार हैं। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति उज्जवल भुइयां और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने फैसला सुनाया कि इन अधिकारियों के संबंध में पेंशन के लिए आवश्यक न्यूनतम 20 वर्ष की अर्हता सेवा पूरी कर ली गई मानी जाएगी, भले ही उन्हें इस अवधि से पहले सेवा से मुक्त कर दिया गया हो।

#### एएफटी के फैसलों को दी थी चुनौती



यह निर्णय विंग कमांडर सुचेता एडन और अन्य द्वारा दायर याचिकाओं पर आया, जिनमें 2019 में नीतिगत बदलावों और पिछले सशस्त्र बल अधिकरण (एएफटी) के फैसलों के आधार पर स्थायी कमीशन न दिए जाने को चुनौती दी गई थी। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि महिला अधिकारियों के लिए वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) को अक्सर इस धारणा के तहत श्रेणी प्रदान की जाती है कि वे करियर में प्रगति या स्थायी कमीशन के लिए पात्र नहीं होंगी। इससे उनकी समग्र योग्यता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा।

#### पूर्ण न्याय पाने का अधिकार

शीर्ष अदालत ने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 142 उच्चतम न्यायालय को पूर्ण न्याय करने के लिए कोई भी आदेश पारित करने का अधिकार देता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि पेंशन 20 साल की मानी गई सेवा के आधार पर तय की जाएगी, जो 1 नवंबर, 2025 से प्रभावी होगी।

#### सेना में पुरुषों का एकाधिकार नहीं हो सकता

अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि सेना में केवल पुरुषों का एकाधिकार नहीं हो सकता। जस्टिस ने साफ किया कि पुरुष अधिकारी यह उम्मीद नहीं कर सकते कि भविष्य के सभी खाली पद केवल उनके लिए ही होंगे। कोर्ट के अनुसार, अवसरों की कमी और गलत तरीके से अयोग्य ठहराए जाने के कारण महिला अधिकारियों की योग्यता और उनके करियर की प्रगति पर बुरा असर पड़ा है।

#### सेवा से मुक्त महिलाओं पर लागू होगा फैसला

*यह फैसला उन महिला अधिकारियों के लिए एक बार का उपाय के रूप में आया है जो कानूनी लड़ाई के दौरान सेवा से मुक्त हो गई थीं। ध्यान देने वाली बात यह है कि यह आदेश जेएजी (जज एडवोकेट जनरल) और एईसी (आर्मी एजुकेशन कोर) कैडर की महिला अधिकारियों पर लागू नहीं होगा। साथ ही, कोर्ट ने भविष्य में निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए चयन के तरीकों और कट-ऑफ नियमों की समीक्षा करने का भी निर्देश दिया है।*

### बोले राजनाथ, अगले दशक के लिए एक व्यापक एकीकृत रोडमैप तैयार करने की है आवश्यकता

# राजनाथ ने की उच्च-स्तरीय सुरक्षा बैठक पश्चिम-एशिया के हालात का लिया जायजा

▶▶ नई दिल्ली

*बैठक में मौजूद रहे सीडीएस, तीनों सशस्त्र सेनाप्रमुख सहित रक्षा मंत्रालय के कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी*

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को राजधानी में पश्चिम-एशिया के हालात का आकलन करने के लिए एक उच्च-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। जिसमें प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी.सिंह, नौसेनाप्रमुख एडमिरल डी.के.त्रिपाठी, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह सहित रक्षा मंत्रालय के कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। ये जानकारी रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर दी है।

यहां बता दें कि पिछले महीने के अंत में हुई युद्ध की शुरुआत के बाद यह पहला मौका है। जब रक्षा मंत्री ने ऐसी किसी हाई प्रोफाइल सुरक्षा बैठक की अध्यक्षता की है। वहीं, भारतीय नौसेना मौजूदा संघर्ष के बीच ओमान की खाड़ी के इलाके में भारतीय वाणिज्यिक जहाजों की सुरक्षित आवाजाही को बरकरार रखने के लिए ऑपरेशन संकल्प के जरिए लगातार अपने जंगी जहाजों की तैनाती को बनाए हुए है। वर्तमान में युद्धपोतों की संख्या करीब दो से तीन तक हो सकती है। जबकि सामान्य परिस्थिति में बल का केवल एक युद्धपोत ही इलाके में नियमित तैनाती के तहत मौजूद रहता है।



#### तैयारियों को बेहतर बनाने पर दिया जोर

मंत्रालय ने कहा कि बैठक में शीर्ष अधिकारियों ने राजनाथ सिंह को वैश्विक- क्षेत्रीय सुरक्षा परिदृश्य और मौजूदा संघर्षों के संभावित विस्तार के देश पर पड़ने वाले प्रभाव के साथ-साथ वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति से उत्पन्न चुनौतियों और अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके अलावा मौजूदा उपकरणों के रखरखाव, सेवा क्षमता व उपकरणों की खरीद, उत्पादन के लिए आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन पर स्थिति के प्रभाव का भी इस दौरान विश्लेषण किया गया है।

#### तैयारियों को बेहतर बनाने का दिया निर्देश

रक्षा मंत्री ने संवाद के दौरान भारत की तैयारियों को बेहतर बनाने का निर्देश देते हुए कहा कि मौजूदा संघर्ष से मिले परिचालन और तकनीकी सबक का निरंतर अध्ययन किया जाना चाहिए। साथ ही हमें अगले दशक के लिए एक व्यापक एकीकृत रोडमैप तैयार करने की आवश्यकता है। जिसमें सीखे गए सबक, आगे आने वाली चुनौतियों और अवसरों को ध्यान में रखते हुए सभी मोर्चों पर आत्मनिर्भरता और परिचालन तत्परता सुनिश्चित की जाए।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्वाधिकारी आरपी न्यूज़ नेटवर्क प्राईवेट लिमिटेड के लिये श्रीराम ऑफसेट, 14, शॉपिंग सेंटर, ज़ोरावरसिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय: 4312, मोहल्ला नायकान, नाहरवाड़ा, जगन्नाथ शाह का रास्ता, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। पीआरबी एक्ट के अनुसार खबरों के चयन के लिए उत्तरदायित्व संपादक मुन्ना खान मोबाइल नंबर 9772552446, 8058969180 ई-मेल: rpnewsnetworkpvt.ltd@gmail.com